इंदौर
रविवार
15 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 151

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in



भगोड़े ललित मोदी को मिली ब्रिटेन की नागरिकता

लंदन.एजेंसी। आईपीएल के संस्थापक और भगोड़े ललित मोदी ने ब्रिटिश नागरिकता हासिल करने का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर 2026 को परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में एक समारोह के दौरान उन्हें ब्रिटिश नागरिकता मिली थी। ललित मोदी ने ब्रिटेन को अपना घर बताते हुए कहा कि वह यहां के लोगों, संस्थाओं और परंपराओं का सम्मान करते हैं। ललित मोदी ने ऑक्सफोर्ड यूनियन में संबोधन के दौरान इस बात का खुलासा किया। उन्होंने इसे अपनी जिंदगी का गर्व का पल और एक नए अध्याय की शुरुआत बताया।

छठ महापर्व आज डूबते सूरज को अर्घ्य

रविवार.एजेंसी। महापर्व छठ का आज तीसरा दिन है। आज शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। कल उगले सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ पर्व का समापन हो जाएगा।

अमेरिका में हवाई संकट जारी

आज भी 530 फ्लाइट्स रद्द, 430 डिले



वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिका में शुक्रवार को शुरू हुआ हवाई संकट आज भी जारी है। आज भी करीब 530 फ्लाइट रद्द करना पड़ी और 430 विलंब से चल रही है। सैकड़ों विमान उड़ान नहीं भर पा रहे जिसके कारण हजारों यात्री जगह-जगह फंसे हुए हैं। कहा जा रहा है कि आज रात तक उड़ानों का संचालन सामान्य हो जाएगा। शनिवार शाम 6:45 बजे के बाद पूरे अमेरिका में एयरलाइंस ने 6,150 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी थीं और 7,300 से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई थी। यह व्यवधान शुक्रवार के बाद आया, जब लगभग 9,200 उड़ानें रद्द कर दी गई थीं और 7,500 अन्य उड़ानों में देरी हुई थी।

उड़ान नहीं भर पा रहे कई विमान, हजारों यात्री फंसे

रेलवे ट्रैक पर धमाका करने वाले दो गिरफ्तार

श्रीगंगानगर. एजेंसी। राजस्थान के श्रीगंगानगर में 3 नवंबर को रेलवे ट्रैक पर हुए ब्लास्ट के मामले में पाकिस्तानी एजेंट का कनेक्शन सामने आया है। राजस्थान एटीएस ने पंजाब पुलिस के सहयोग से गुरदासपुर में कार्रवाई करते हुए एक महिला और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महकदीप कौर और दविंदर सिंह के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि पाकिस्तान में बैठे एजेंट ने पंजाब की महिला के जरिए श्रीगंगानगर में रेलवे ट्रैक पर धमाका करवाया था। आरोपियों के कब्जे से दो हथियार, 46 कारतूस और ब्लास्ट के लिए मिली नकदी बरामद की गई है।





एक कार पर पलटा ट्रक, दूसरी पेड़ से भिड़ी, तीसरी ने श्रद्धालुओं को रौंदा

8 की मौत, कई घायल

रविवार.एजेंसी। हरियाणा के रेवाड़ी में दिल्ली जयपुर हाईवे पर कार के ऊपर चने से भरा ट्रक पलट गया। हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच वर्षीय बच्चा घायल घायल हो गया। उधर उत्तर प्रदेश के बलिया में तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई जिससे 4 युवकों की मौत हो गई। इसी तरह गुजरात में भावनगर से राजस्थान के रामदेवरा जा रहे मालधारी समाज के 30 श्रद्धालुओं के जत्थे को इको कार ने टक्कर मार दी जिससे 6 लोग घायल हो गए।

भारतीय हवाई क्षेत्र में घुसा चीनी सैन्य विमान

रविवार.एजेंसी। भारत के हवाई क्षेत्र में चीनी सैन्य विमान की घुसपैठ का मामला सामने आया है। चीनी सैन्य विमान चिकन नेक कहे जाने वाले सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास मंडराता रहा। इसके बाद भारतीय एयरफोर्स ने चीनी विमान को चेतावनी दी। यह घटना 12 नवम्बर को सुबह के समय हुई। भारतीय वायु सेना की चेतावनी के बावजूद चीनी एयरक्राफ्ट इलाके में मंडराता रहा। यह करीब 20 से 25 मिनट तक इलाके में रहा।

टाइगर श्रॉफ केस की जांच कर रही यूनिट ने हथियारों के साथ एक को पकड़ा

मुंबई.एजेंसी। टाइगर श्रॉफ केस की जांच कर रही मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट-2 ने आग्रीपाड़ा इलाके से दो देसी पिस्तौल और 19 जिंदा कारतूसों के साथ 31 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान उसके साथ मौजूद तीन अन्य संदिग्ध भागने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ठाणे के वागले एस्टेट निवासी गणेश श्रीकांत लांडगे (31) के रूप में हुई है, जो पेशे से ड्राइवर है। उसे 14 नवंबर को तड़के करीब 1:15 बजे गिरफ्तार किया गया।

अमिताभ के घर फायरिंग की प्लानिंग, दो शूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली.एजेंसी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दो शूटरों को गिरफ्तार कर दिल्ली के एक कारोबारी पर फायरिंग और मुंबई में एक बॉलीवुड अभिनेता पर हमले की साजिश नाकाम कर दी। बताया जाता है कि ये शूटर अमिताभ के घर पर फायरिंग की प्लानिंग बनारहे थे। अमिताभ के सिख विरोधी बयान से ये नाराज थे।

अमेरिकी सांसद अब्दुल ने पाक की मदद का किया विरोध

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिकी सांसद अब्दुल अल-सैयद ने अमेरिका द्वारा की जा रही पाकिस्तान की मदद का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान के लिए टैक्स नहीं भरते हैं। अमेरिका ने 10 साल में 36 हजार करोड़ रुपए की मदद पाकिस्तान को की है।

मुंबई में फिर महंगी हुई सीएनजी

मुंबई.एजेंसी। मुंबई में सीएनजी फिर डेढ़ रुपए महंगी हो गई। अब यहां सीएनजी की कीमत 91.50 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। पिछले 11 माह में यहां सीएनजी के भाव 11 रुपए बढ़ चुके हैं।

सैम पित्रोदा ने कहा– मोदी फोन टैप नहीं करते

नई दिल्ली.एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि पीएम मोदी उनका फोन टैप करवा रहे हैं। राहुल के इन आरोपों से अब इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने किनारा कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खुद किसी का फोन टैप नहीं करते। लेकिन कोई तो ऐसा कर रहा है।'

मोदी ने खरीदी कांग्रेसी मुख्यमंत्री की टिकट

बेंगलुरु.एजेंसी। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि मेट्रो यात्रा के दौरान उनके पास टिकट खरीदने के पैसे नहीं थे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से अपना टिकट खरीदने के लिए कहा। इसके बाद मोदी ने उनका टिकट भी अपने स्मार्ट कार्ड से स्वाइप करके खरीदा। यह किस्सा शिवकुमार ने पत्रकारों के साथ पिंक लाइन मेट्रो में यात्रा के दौरान सुनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने 13 नवंबर को बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन किया था। इसके बाद मोदी और शिवकुमार ने साथ-साथ मेट्रो में सफर किया था।



जलमग्न हुआ मक्का

मक्का.एजेंसी। सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का में मूसलाधार बारिश के बाद अचानक बाढ़ जैसे हालात बन गए। कुछ ही देर में सड़कों पर पानी भर गया और कई जगहों पर तेज बहाव भी देखने को मिला।

अमिताभ के बंगले पर भाई की पत्नी ने जताया हक

मुंबई.एजेंसी अमिताभ बच्चन के मुंबई स्थित बंगले 'जलसा' पर विवाद हो गया है। अमिताभ के भाई अजिताभ की पत्नी रमोला ने बंगला जया बच्चन के नाम ट्रांसफर होने पर सवाल उठाया है। रमोला का दावा है कि जलसा पहले उनके नाम पर रजिस्टर्ड था। बाद में 1993 की एक गिफ्ट डीड के जरिए इसका मालिकाना हक जया बच्चन के नाम कर दिया गया।

बिरसा मुंडा को याद किया

रविवार.एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें नमन किया। इसी तरह राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने बिरसा मुंडा को याद किया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे के 355 प्लॉट जब्त

रायपुर.एजेंसी। छत्तीसगढ़ में करोड़ों रुपए के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय को बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल से जुड़ी कुम्हारी-जंजगीरी स्थित विट्ठल ग्रीन कॉलोनी के 355 प्लॉटों पर कब्जा कर लिया है। इस कार्रवाई में करीब 61 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। कार्रवाई के बाद कॉलोनी के मुख्य गेट पर नोटिस भी चस्पा किया गया है।

cmyk cmyk

पटवारी की मौजूदगी में लगे मुख्यमंत्री नकुलनाथ जैसा हो के नारे

दिग्गज नेताओं की रही मौजूदगी, इंदौरी नेता भी रहे मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।









प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ वयोवृद्ध नेता हो चुके हैं। वे अपनी प्रदेश कांग्रेस की राजनीति अब नकुलनाथ के हाथों सौंप रहे हैं। एक तरह से कल कमलनाथ के सारे समर्थक भोपाल बंगले पर एकत्रित हुए और वहां आगामी कांग्रेस की राजनीति को नाथ खेमे की बड़ी रणनीति के रूप में देखा गया। बहुत बड़ी संख्या में प्रदेश भर के समर्थक मौजूद रहे। कांग्रेस के कई बड़े नेता भी मौजूद रहे, खुद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, यश घनघोरिया और दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह, कांतिलाल भूरिया के बेटे विक्रांत भूरिया और कई विधायक, पूर्व विधायक, सांसद व विधायक के प्रतिनिधि, प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कल बंगले पर कमलनाथ समर्थकों में भीड़ देखकर जमकर उत्साह था और इसी उत्साह में कई बार जीतू पटवारी की मौजूदगी में नारे लगे कि प्रदेश का नेता कैसा हो, नकुलनाथ जैसा हो। प्रदेश का मुख्यमंत्री कैसा हो, नकुलनाथ जैसा हो। कमलनाथ का 18 नवम्बर को जन्मदिन है और कल बंगले में नाथ समर्थकों ने अपने नेता का जन्मदिन मनाया, कई टेबलों पर केक सजे और वह केक बारी-बारी से नकुलनाथ ने काटे। कांग्रेसियों और जानकारों को लगने लगा था कि कमलनाथ अब प्रदेश कांग्रेस की राजनीति से बाहर हो गए हैं और नकुलनाथ छिंदवाड़ा से हारे तब से ही लग रहा था कि नकुलनाथ प्रदेश में रुचि नहीं लेंगे, लेकिन कल सब झुठलाते हुए राजनीतिक ताकत नाथ खेमे ने लगाई और जमकर भीड़ जुटाई। नकुलनाथ के लिए स्वागत का दौर और नारों की गूंज जबर्दस्त चलती रही। जब कमलनाथ की चल थी और जब मुख्यमंत्री थे तब भी इतनी भीड़ बंगले पर नहीं जुटी थी, जितनी नकुलनाथ के लिए कल जुटी और कमलनाथ की प्रदेश की राजनीतिक विरासत एक तरह से कल नकुल के हाथ में सौंप दी गई। नाथ के भोपाल बंगले पर जो चार रास्ते मिलते हैं उस रोड पर इतनी पार्किंग वाहनों की हो गई थी कि पुलिस को बेरिकेट्स लगाना पड़े थे। कई समर्थकों की गाड़ियां दूर खड़ी हुई, जिससे पैदल चलकर बंगले तक पहुंचना पड़ा था। नाथ के जन्मदिन के पहले नकुलनाथ को समर्थकों की मांग पर कल भोपाल भेजा गया था और दीपावली के नाम पर बंगले पर जो समर्थकों का हुजूम इकट्ठा हुआ उससे तय हो गया कि कमलमनाथ समर्थक आज भी पूरे प्रदेश में एकजुट होकर ताकतवर हैं। कुल मिलाकर यह कयास लगाए जा रहे है कि कमलनाथ का राजनीति में लौटकर आना मुश्किल है यह सब कुछ समर्थकों ने झुठला दिया और पूरी ताकत के साथ नकुलनाथ को अब नेता मान लिया और स्वागत करने में पीछे नहीं रहे। बड़ी बात यह रही कि प्रदेश के सभी बडे नेता इस कार्यक्रम में नाथ के बंगले पर मौजूद रहे। इंदौर-उज्जैन संभाग के 15 जिलों से भी समर्थक बड़ी संख्या में पहुंचे थे, जिनमें इंदौर से भी बड़ी संख्या में शामिल थे। कुछ दिनों से कमलनाथ और नकुलनाथ की ढील के कारण प्रदेश के दूसरे बड़े नेताओं ने नाथ समर्थकों पर अपने खेमे में आने के लिए डोरे डालना शुरू कर दिए थे और कुछ समर्थक दूसरे नेताओं के यहां आ-जा भी रहे थे। कल के बाद अब नाथ समर्थक नकुलनाथ खेमे में ही रहेंगे ऐसा कल एहसास हुआ। कल बंगले पर नारेबाजी भी हुई, केक भी कटे और भोज भी हुआ, झंडे भी लहराए और नकुलनाथ एक-एक नेता व कार्यकर्ताओं से मिलते रहे। नकुलनाथ के मुख्यमंत्री बनने के नारे जीतू पटवारी और हरीश चौधरी ने भी सुने। बंगला के समीप से लेकर भोपाल के कई इलाकों में बैनर-पोस्टर भी लगाए गए थे, कई में जीतू पटवारी के चित्र गायब थे। खुद जीतू पटवारी करीब साढ़े तीन घंटे आयोजन में रूके रहे, नजारा देखते रहे। इंदौर से प्रमुख रूप से केके यादव, संजय बाकलीवाल, रीना बौरासी, शैलेष गर्ग, गजेन्द्र वर्मा, प्रेम खड़ायता, सदाशिव यादव, विनय बाकलीवाल सहित अन्य नाथ समर्थक और कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

उमंग सिंघार की अनुपस्थिति चर्चा में रही

विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार की अनुपस्थिति कल कमलनाथ के बंगले पर चर्चा में रही। नाथ समर्थकों को उम्मीद थी कि हर हाल में उमंग सिंघार पहुंचेंगे। कई नाथ समर्थक आखिरी तक पूछते रहे कि उमंग सिंघार आ रहे हैं क्या, लेकिन वे नहीं पहुंचे।



भाजपाइयों ने चलाया प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान

अजा मोर्चा ने किए दीप प्रज्ज्वलित

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जनजातीय गौरव सप्ताह के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की जयंती की पूर्व संध्या पर आज भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा भँवरकुआं चौराहे स्थित क्रांतिसूर्य जननायक टंट्या मामा की प्रतिमा स्थल पर भाजपाइयों ने स्वच्छता अभियान चलाया। फिर मोर्चा के पदाधिकारी, सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन का आयोजन भी किया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मोर्चा के प्रदेश मंत्री पुष्पेन्द्रसिंह चौहान, मोर्चा नगर अध्यक्ष थानसिंह सिसोदिया की मौजूदगी में यह आयोजन हुआ। आज जननायक टंट्या मामा भील को याद किया जा रहा है। सुमित बघेल, सुनीता मौर्य, राजीव ओरया, निर्भय सिंह मुवैल, नवीन सोलंकी, राहुल पंवार, कृष्णा पटाया, करण भूरिया, दिनेश डोडवा, रेश्म बड़ले सहित कई उपस्थित थे।

बौरासी ने महिलाओं को लेकर फोन टेपिंग पर जताया विरोध

महिला कांग्रेस के बैनर तले प्रदर्शन में घोषणा, सभी जिलों में होंगे आन्दोलन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदौर से जुड़ी रीना बौरासी ने राहुल गांधी के फोन टेपिंग मुद्दे पर भोपाल में प्रदर्शन किया और कहा कि राहुल गांधी का फोन सुरक्षित नहीं तो देश की महिलाओं की निजता कैसे सुरक्षित रहेगी। राहुल गांधी जी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फोन टैपिंग करवाने के आरोप को लेकर मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस ने भोपाल में विरोध प्रदर्शन किया। बौरासी ने कहा कि फोन टैपिंग व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ सवाल है, फोन टैपिंग करना नियम विरुद्ध है। बौरासी ने यह भी कहा कि राहुल गांधी जब सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डिबेट की बात कर रहे हैं तो वे डिबेट से क्यों डर रहे हैं। बौरासी ने घोषणा की है कि महिला कांग्रेस इस मुद्दे को प्रदेश के हर जिले तक लेकर जाएगी। मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों में विरोध प्रदर्शन आयोजित कर केंद्र सरकार से जवाब मांगा जाएगा। महिला कांग्रेस की मांग है कि फोन टैपिंग से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच हो और देश के नागरिकों की निजता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।





ज्योतिष सम्मेलन की गौड़ और वाधवानी को जिम्मेदारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कल से दो दिवसीय ज्योतिष महासम्मेलन केसरबाग रोड गार्डन में 16 एवं 17 नवंबर को आयोजित होगा। इस आयोजन के लिए अध्यक्ष पंडित प्रकाश गौड़, उपाध्यक्ष डॉ, संतोष वाधवानी सर्वसम्मति से मनोनीत हुए। कई ज्योतिषाचार्य, सराफा व्यापारी और राजनेताओं ने बधाई दी। संतोष वाधवानी भाजपा से भी जुड़े हुए है। संतोष वाधवानी ने बताया कि भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मालिनी गौड को बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया है। क़ई ज्योतिष, वास्तु ज्ञाता, टैरो कार्ड रीडर इन दो दिनों में टीप देंगे।

युवा भाजपाई की शंखनाद, युवा समागम पर आभार यात्रा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। युवा मोर्चा जिला इकाई द्वारा आज जिला अध्यक्ष अजय सिंह पवार के नेतृत्व में नियुक्ति के पश्चात पहला बड़ा आयोजन 'युवा शंखनाद - आभार यात्रा एवं युवा समागम' का आयोजन हाट मैदान मांगलिया में किया जा रहा है। आभार यात्रा लसूडिया से प्रारम्भ हो रही है जो जिले के विभिन्न मार्गों से होते हुए मांगलिया हाट मैदान गार्डन में पहुंचेगी। जिले के सांवेर, महू, देपालपुर और राऊ विधानसभा के युवा कार्यकर्ता शामिल हुए है। जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया है। भोज भी आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर जिले के भाजपाइयों में उत्साह दिखाई दे रहा है।





नाथ के सामने पटवारी ने की वर्मा की तारीफ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर से जुड़े गजेन्द्र वर्मा कल कारो के काफिले के साथ कई समर्थकों को लेकर भोपाल कमलनाथ के बंगला पर पहुंचे थे और नकुलनाथ के दिवाली मिलन के आयोजन में शामिल हुए थे और नकुलनाथ का स्वागत भी किया था। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नकुलनाथ से कहा कि गजेन्द्र इंदौर से भीड़ और कारो के काफिले के साथ आया है। वर्मा ने कमलनाथ के जन्मदिन के पूर्व केक भी कटवाया, नारेबाजी भी की और कांग्रेस के झंडे भी लहराए।



समीक्षा बैठक में शामिल हुए कांग्रेस नेता

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल भोपाल कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, संगठन प्रभारी संजय कामले की मौजूदगी में उज्जैन संभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। संभाग के कई जिलों के पदाधिकारी मौजूद थे। मंदसौर प्रभारी इंदौर से जुड़े कांग्रेस नेता सदाशिव यादव ने भी मौजूद रहकर मंदसौर की रिपोर्ट पेश की।

महापौर ने एक बार फिर झूठ बोला-कांग्रेस

शेष कर्मचारियों को विनियमित करने का महापौर परिषद को अधिकार नहीं, कर्मचारियों को बरगलाया -चौकसे

न्यायालय के आदेश से 1650 कर्मचारी हो रहे हैं विनियमित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज एक बार फिर झूठ बोलकर नगर निगम के कर्मचारियों की भावनाओं से भी खिलवाड़ किया है। माननीय न्यायालय के द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार 1650 कर्मचारियों को विनियमित किया जाना है। शेष कर्मचारियों को विनियमित किया जाने की जो घोषणा महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा की गई है, वह झूठ है। निगम के कर्मचारियों के समक्ष झूठ बोलकर उनके द्वारा इन कर्मचारियों की भावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस तरह बाकी के कर्मचारियों को विनियमित करने का महापौर परिषद को कोई अधिकार नहीं है।

चौकसे ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि आज महापौर के द्वारा इंदौर नगर निगम में काम करते हुए जिन कर्मचारियों को 10 साल हो गए हैं ऐसे सारे कर्मचारियों को विनियमित करने की घोषणा की गई है। महापौर के द्वारा यह कहा गया है कि महापौर परिषद की पिछली बैठक में एक संकल्प पारित करते हुए यह फैसला लिया गया है। इस मामले में हकीकत यह है कि माननीय न्यायालय के द्वारा 1650 कर्मचारियों को विनियमित करने का निर्देश दिया गया था। इस निर्देश का परिपालन करने के लिए निगम आयुक्त के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर महापौर परिषद में भेजा गया था।

चौकसे ने कहा कि इस प्रस्ताव पर विचार के दौरान महापौर परिषद के द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर यह फैसला लिया गया है कि जिन कर्मचारियों को 10 साल हो गए हैं ऐसे सभी कर्मचारियों को विनियमित कर दिया जाएं। जब महापौर परिषद की बैठक में यह फैसला लिया जा रहा था उस समय पर ही बैठक में मौजूद अधिकारियों ने साफ कह दिया था कि जब तक राज्य शासन अथवा न्यायालय के द्वारा आदेश नहीं दिया जाता तब तक वह ऐसा नहीं कर सकेंगे। अधिकारियों के द्वारा महापौर परिषद की बैठक में स्पष्ट मत व्यक्त कर दिए जाने के बावजूद झूठ बोलकर महापौर के द्वारा निगम के कर्मचारियों को गुमराह करने का काम किया जा रहा है। जिस काम को करने का महापौर पराषद को अधिकार ही नहीं है वह काम करने की कोशिश की जा रही है। हकीकत तो यह है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में मिली असफलता और इंदौर के नाम को खराब कर देने के बाद अब महापौर विषय में बदलाव करना चाहते हैं। इसके लिए उनके द्वारा कर्मचारियों के विनियमितिकरण का एक ऐसा हल्ला किया गया है जो कि कर्मचारियों को धोखा देने वाला काम है। चौकसे ने कहा कि यदि महापौर सही में कर्मचारियों के हित चिंतक हैं तो जो फैसला महापौर परिषद की बैठक में लिया गया है उस फैसले का आदेश राज्य सरकार से करवा कर लाएं। इसके साथ ही इंदौर के सभी सफाई मित्रों को स्थाई कर्मचारियों के रूप में निगम की सेवा का हिस्सा बनाने की पहल अपनी पार्टी की सरकार के समक्ष करें।



बिरसा मुंडा जयंती पर निकली रैली

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जनजाति गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आज जनजाति से जुड़े युवा और मातृशक्तियां दो अलग-अलग जगहों से नाचते-गाते ढोलक की थाप पर निकले। भंवरकुआं चौराहा से यह रैली निकली, जिसमें अधिकारी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। वहीं जीजाबाई स्कूल से भी रैली निकलकर कलेक्टर कार्यालय पहुंच रही है।

कांग्रेस की आज 5 घंटे तक मेराथन बैठक

ब्लॉक और मंडलम अध्यक्षों को विधानसभा प्रभारियों के साथ बुलाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे ने आज शहर की साढ़े 5 विधानसभाओं के प्रभारियों के साथ इनमें लगने वाले ब्लॉक और मंडलम अध्यक्षों की बैठक अलग-अलग विधानसभाओं की अलग-अलग समय दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक बुलाई है। प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू की मौजूदगी में यह बैठक विधानसभा 1 की 12 बजे से, 2 की 1 बजे से, 3 की 2 बजे से, 4 की 3 बजे से, 5 की 4 बजे से, राऊ की शाम 5 बजे गांधी भवन में होगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस 25 नवम्बर को दिल्ली में आने वाली बॉर्डर को बंद कर विरोध-प्रदर्शन करेगी। म.प्र. की मुरैना बॉर्डर को घेरना है इसलिए भी आज यह बैठक महत्वपूर्ण बुलाई गई है। इंदौर से कांग्रेसी मुरैना बॉर्डर पर पहुंचे, यह मुद्दा प्रमुख है। साथ ही आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर हर विधानसभा के ब्लॉक और मंडलम में संगठन मजबूत करने को लेकर यह बैठक हो रही है। संगठन मजबूती को लेकर ब्लॉक और मंडलम अध्यक्षों से सुझाव भी लिए जाएंगे।

दलहन-तिलहन व्यापारियों के बीच पहुंचे सांसद



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

श्री दलहन तिलहन व्यापारी संघ लक्ष्मी नगर वाली मंडी का दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। आयोजन में सांसद शंकर लालवानी, श्रवणसिंह चावड़ा, तुलसीराम सिलावट सहित अन्य भी पहुंचे थे। नरेश परमार, ओमप्रकाश खेड़े, जितेन्द्र आंजना, अजय पंवार, सुरेन्द्र राठौर मौजूद रहे।

सोनिया गांधी की किताब पर कसा भाजपा नेता ने तंज



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश संगठन महामंत्री गौरव रणदिवे से जुड़े भाजपा नेता ऋषि खनूजा ने कांग्रेस आलाकमान सोनिया गांधी की किताब पर तंज कसा और कहा कि 1984 के सिख दंगों में किसी आरोपी का जिक्र इस किताब में नहीं है, ना ही इस किताब में भोपाल गैस त्रासदी का जिक्र है। कई आरोपियों को क्लिनचीट दी गई है। खनूजा ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का भी जिक्र किया।

दिग्विजय सिंह समर्थक चाहते हैं प्रदेश में जयवर्धन सिंह को मिले ताकत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कमलनाथ ने जिस तरह से अपने बेटे नकुलनाथ को दीपावली मिलन के नाम पर पूरे प्रदेश भर के समर्थकों के बीच बड़े नेता के रूप में कल भोपाल में स्थापित किया उसी तर्ज पर अब सोशल मीडिया पर दिग्विजय सिंह समर्थक भी लिखने लगे हैं कि जयवर्धन सिंह को भी बड़े रूप में लांच किया जाए। दिग्विजय सिंह अभी अयोध्या की यात्रा पर है और दिग्विजय सिंह यात्रा से लौटे उसके बाद योजनाबद्ध तरीके से प्रदेश भर के समर्थकों की मौजूदगी में जयवर्धन सिंह को ताकत दी जाए। कुछ समर्थक यह भी लिख रहे हैं कि जयवर्धन सिंह को चुनाव के पहले प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया जाए। उल्लेखनीय है कि चार दिन पूर्व एक कार्यक्रम में जीतू पटवारी ने दिग्विजय सिंह के सामने मंच से कहा था कि आपकी राजनीतिक विरासत मेरी है और पैसा पूरा जयवर्धन का है। इसी के बाद से अब राजनीतिक गलियारों में जयवर्धन की राजनीतिक ताकत बढ़ाने को लेकर चर्चा की जा रही है।

वाटर हार्वेस्टिंग पर 10% संपत्ति कर छूट की घोषणा कहां गई-कांग्रेस

महापौर और निगम आयुक्त जनता को जवाब दे-चौरसिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर आरोप लगाया कि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने पर संपत्ति कर में 10 प्रतिशत छूट देने की आपकी घोषणा आखिर कहां गायब हो गई? जनता को बड़ी राहत देने का दावा करके मीडिया में सुर्खियां तो बटोर लीं, लेकिन जमीन पर उसका लाभ क्यों नहीं पहुंचा? चौरसिया ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव से सीधे सवाल किया कि आपने खुद घोषणा की थी कि वाटर हार्वेस्टिंग पर 10 प्रतिशत संपत्ति कर छूट का प्रस्ताव नगर निगम की एमआईसी में पारित हो चुका है। यदि प्रस्ताव पारित हो गया था तो आज तक उसके आदेश जारी क्यों नहीं हुए? जनता को छूट देने में कौन सी बाधा आ रही है? क्या आपकी घोषणाएं सिर्फ कैमरे और अखबारों की सुर्खियों के लिए होती हैं? प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने नगर निगम आयुक्त से भी सवाल करते हुए कहा कि जब महापौर स्वयं एमआईसी में प्रस्ताव पारित होने की बात कह चुके हैं तो फिर संबंधित आदेश जारी करने में देरी क्यों की जा रही है? क्या निगम प्रशासन को इस प्रस्ताव की जानकारी नहीं है या फिर महापौर की घोषणा को ही गंभीरता से नहीं लिया जा रहा? चौरसिया ने तंज कसते हुए कहा कि क्या भाजपा की सरकार में अब झूठ के भी सींग उगने लगे हैं?महापौर घोषणा करते हैं, निगम आयुक्त प्रस्ताव पारित होने की बात बताते हैं, लेकिन जनता को राहत देने वाला आदेश ही गायब है। आखिर इस सरकारी लुकाछिपी का जवाब कौन देगा? चौरसिया ने कहा कि भाजपा का तथाकथित नवाचार इंदौर की जनता के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। जगह-जगह खुदी सड़कें, अधूरे निर्माण, अव्यवस्थित यातायात और दुर्घटनाओं से जुझते शहर को महापौर की रील और प्रचार की राजनीति नहीं, जवाबदेह प्रशासन चाहिए। महापौर रील लाइफ से निकलकर रियल लाइफ में शहर की समस्याओं का समाधान करें। कांग्रेस की मांग है कि महापौर और नगर निगम आयुक्त तत्काल स्पष्ट करें कि 10 प्रतिशत संपत्ति कर छूट का प्रस्ताव किस तारीख को पारित हुआ, आदेश अब तक जारी क्यों नहीं हुए और इंदौर की जनता को इस छूट का लाभ कब से मिलेगा?

नगर निगम एमआईसी में प्रस्ताव पास होने के बावजूद आदेश जारी क्यों नहीं हुए? क्या भाजपा सरकार में अब झूठ के सींग उगने लगे हैं?

आज फिर सुबह से तापमान में जोरदार गिरावट

पहली बार इतने नीचे पहुंचा सुबह का तापमान

अब मॉर्निंग वॉक पर निकलने वालों के लिए भी तेज ठंड और हवा का प्रदूषण बना चुनौती

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज सुबह के तापमान में जोरदार गिरावट आ गई है। यह पहला मौका है जब सुबह का तापमान इतना नीचे पहुंच गया है। इस तापमान के गिर जाने से मॉर्निंग वॉक पर निकलने वालों के लिए अब थोड़ी तेज ठंड और हवा का प्रदूषण चुनौती बनना शुरू हो गया है।

अब तक तो मौसम में सुबह और रात के समय पर हल्की-हल्की ठंड महसूस हो रही थी लेकिन अभी भी तेज ठंड शुरू होने का रास्ता नहीं खुल पा रहा है। तापमान करीब-करीब स्थिर जैसी हालत में है। आज सुबह का तापमान जरूर तेज गति से नीचे की तरफ गिरा है। इससे सुबह के समय पर ठंड थोड़ी तेज हो गई है। अब यह संभव है कि सुबह का गिरा हुआ तापमान दिन के तापमान में भी गिरावट की स्थिति लाए। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सुबह का तापमान गिरने के बाद भी 9:00 बजे के बाद में तापमान में तेजी से उछाल आ गया। जिसके परिणामस्वरूप दिन के समय पर नागरिकों को गर्मी से राहत नहीं मिल पाएगी।

कल दिन का अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस था। जो कि सामान्य तापमान से 1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस बना हुआ रहा। यह सामान्य तापमान से 3 डिग्री सेल्सियस कम था। पिछले कुछ दिनों से न्यूनतम तापमान 11 डिग्री से 12 डिग्री के बीच ही चल रहा है। इसलिए इसमें कोई बड़ा परिवर्तन नहीं आ पा रहा है। अलबत्ता कल हवा की गति में जरूर परिवर्तन आया और शहर में 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलती हुई नजर आई। इस हवा के कारण भी आने वाले समय में ठंडक पैदा होने के आसार नजर आ रहे हैं। आज सुबह 8:30 बजे शहर का तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यदि तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो कल शनिवार के दिन सुबह 8:30 बजे तापमान 22 डिग्री सेल्सियस था। जबकि शुक्रवार को यह तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह से पिछले कई दिनों में यह पहला मौका है जब सुबह के 8:30 का तापमान 20 डिग्री के नीचे जाकर भी 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। इसे आने वाले दिनों में मौसम में होने वाले परिवर्तन के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।



होल्कर स्टेडियम के बाहर लग गई कतार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

होल्कर स्टेडियम एवं द डेली कालेज मैदान में खेले जा रहे सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्राफी के मुकाबलों को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला। निशुल्क इंट्री होने के कारण बडी संख्या में दर्शक पहुंचे। होल्कर स्टेडियम के बाहर लम्बी कतार नजर आई। खास बात यह है कि बच्चे भी बड़ी संख्या में कतार में नजर आए। दरअसल कल स्टार बल्लेबाज और बिहार टीम के कप्तान वैभव सूर्यवंशी भी मैदान में नजर आए। वैभव को देखने की दर्शकों में दिलचस्पी ज्यादा थी। हालांकि वैभव सूर्यवंशी बल्ले से ज्यादा कमाल नहीं कर पाए इसलिए उनके समर्थक निराश भी हुए।

निगम आयुक्त ने लापरवाही पर कटवाया वेतन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कल सफाई व्यवस्था निरीक्षण के दौरान सीएसआई, उद्यान दरोगा, सफाई कर्मचारी, विद्युत उपयंत्री का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं सफाई कर्मचारी की सेवा समाप्ति के भी निर्देश दिए। चार एनजीओ संस्थाओं पर 60 हजार रु. की राशि राजसात करने के निर्देश भी लापरवाही के कारण दिए गए। सिंघल ने झोन 21 के अन्तर्गत अन्नपूर्णा शिव मंदिर उद्यान निरीक्षण में उद्यान दरोगा सौरभ शर्मा के साथ 7 दिन का वेतन काटने, सफाई कर्मचारी कुशल कामले की सेवा समाप्त करने, एनजीओ प्रतिनिधि राहुल वर्मा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सपना-संगीता से भंवरकुआं तक विद्युत लाइट दिन में चालू पाई गई। इस पर उपयंत्री लोकेश मेहता को एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। आयुक्त ने वार्ड 72 महावर नगर के निरीक्षण में एनजीओ संस्था बेसिक्स म्युनिसिपल वेस्ट वेंचर्स लिमिटेड पर 10 हजार रुपये की दंडात्मक राशि राजसात करने के निर्देश दिए गए। लालबाग पैलेस वार्ड 66 में गंदगी और कचरे पर एनजीओ संस्था म्यूस स्टडी एजुकेशन सोसायटी पर 10 हजार रुपये की दंडात्मक राशि राजसात करने के निर्देश दिए गए। वार्ड 81 अन्नपूर्णा रोड पर कचरा पाए जाने पर एनजीओ संस्था बेसिक्स म्युनिसिपल वेस्ट वेंचर्स लिमिटेड पर 20 हजार रुपये की राशि राजसात करने के निर्देश दिए गए। वार्ड 66 के प्रभारी दरोगा प्रवीण खरे, सीएसआई सीवेन्द्रसिंह सिकरवार के वेतन काटने के निर्देश दिए। वार्ड 82 सुदामा नगर में गंदगी पर प्रभारी दरोगा दिनेश आदिवाल और सीएसआई श्याम मांडेकर का वेतन काटने के निर्देश दिए। वार्ड 72 महावर नगर पर गंदगी पर प्रभारी दरोगा नवीन चौहान, सीएसआई पंकत धोलपुरे के वेतन काटने के निर्देश दिए। सपना-संगीता मार्ग पर गंदगी पर प्रभारी दरोगा अंजू रील और सीएसआई अभिषेक तिवारी का वेतन काटने, अन्नपूर्णा रोड पर गंदगी मिलने पर स्वास्थ्य निरीक्षक मनीषचन्द्र सिंह, प्रभारी दरोगा विकोस मट्ठो का वेतन काटने के निर्देश दिए।

एनजीओ संस्थाओं पर राशि राजसात करने के भी निर्देश



दिलजीत दोसांझ ने 56 दुकान पर जाकर खाए पोहे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रसिद्ध गायक और कलाकार दिलजीत दोसांझ आज सुबह इंदौर पहुंच गए हैं। आज सी 21 के मैदान पर उनका लाइव शो होने वाला है। इस शो के लिए पिछले 15 दिन से तेज गति से तैयारी चल रही है। इसी बीच उनके शो को लेकर बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस विभाग के द्वारा सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था कर दी गई है। इस शो के कारण आज यातायात की व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है। इंदौर आने के पहले ही पिछले कुछ दिनों में ट्वीट करते हुए दिलजीत दोसांझ ने यह कहा था कि इंदौर वालों, मैं इंदौर आ रहा हूं और पोहा खाऊंगा।

अपनी इस घोषणा के अनुसार आज सुबह दिलजीत अपने साथियों के साथ सुबह करीब 9 बजे 56 दुकान पर पहुंचे। वहां जाकर उन्होंने पोहे खाए और साथ ही वहां मौजूद पोहे खाने वाले लोगों में से अपने प्रशंसकों से मुलाकात की। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भी उन्होंने अपने कुछ प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाई तो कुछ प्रशंसकों को ऑटोग्राफ दिए। यह सभी को मालूम है कि सुबह के समय पर इंदौर का नाश्ता पोहा ही होता है। ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए दिलजीत दोसांझ ने भी आज सुबह इंदौर आने पर नाश्ते के रूप में पोहे खाए और अपना वादा निभाया। उल्लेखनीय है कि दिलजीत कल ही इन्दौर पहुंच गए थे। आज शाम को वे बड़ा इवेंट कर रहे है।



सुबह 5 बजे से पहुंच गए समर्थक

दिलजीत पिछली बार जब इन्दौर आए थे तो वे सुबह 6 बजे ही छप्पन दुकान पहुंच गए थे। इसी को ध्यान में रखकर उनके चाहने वाले सुबह 5 बजे ही छप्पन दुकान पहुंच गए। हालांकि आज वे 9 बजे पहुंचे, उन्हें देखने के लिए उनके फ्लोअर्स सुबह सूर्योदय के पहले से ही खड़े नजर आए।

महापौर के घर के बाहर विरोध जताने पहुंचे फूटी कोठी मंडी के सब्जी विक्रेता

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। फूटी कोठी चौराहा स्थित सब्जी मंडी हटाए जाने को लेकर सब्जी विक्रेता महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निवास पर पहुंचे। उन्होने विरोध भी जताया। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि जब तक उनकी सुनवाई नहीं होगी तब तक विरोध करते रहेंगे। छोटे बच्चे और मातृशक्तियों के साथ सब्जी विक्रेता पहुंचे थे।

महापौर के सुदामा नगर स्थित निवास के बाहर बीती रात फूटी कोठी मंडी के सब्जी विक्रेता धरना देने पहुंच गए। सूचना मिलने के बाद क्षेत्रीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और प्रदर्शन करने वाले लोगों को हटाने का काम शुरू किया। इधर महापौर के निवास से कुछ लोगों का कहना था कि दो दिन बाद आकर महापौर से मिले और भीड़ लेकर ना आए। कुछ लोग आकर अपनी बात रखे। सब्जी विक्रेता फूटी कोठी ब्रिज के नीचे ही मंडी चाहते है।





85 वार्डों में सर्वे कर बंद होंगी नर्मदा की पुरानी लाइनें, दोहरी जल सप्लाय पर लगेगी रोक

गर्मी में जलसंकट से निपटने निगमायुक्त का फैसला, 50 से ज्यादा क्षेत्रों में नई और पुरानी दोनों लाइनों से हो रही सप्लाय

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गर्मी में शहर को संभावित जलसंकट से बचाने के लिए नगर निगम ने अभी से पानी की बचत की कवायद शुरू कर दी है। शहर में जहां अमृत योजना के तहत नर्मदा की नई पाइप लाइन डालकर पानी की सप्लाय शुरू कर दी गई है, वहां अब पुरानी पाइप लाइन से होने वाली सप्लाय बंद की जाएगी। इसके लिए सभी 85 वार्डों में सर्वे कराया जाएगा। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने जलप्रदाय विभाग के उपयंत्री, सहायक यंत्री और जोनल अधिकारियों को 30 दिन में सर्वे कर पुरानी लाइनें डिस्कनेक्ट करने के निर्देश दिए हैं।

नई लाइन चालू तो पुरानी रखने की जरूरत नहीं- शहर के कई क्षेत्रों में अमृत योजना के तहत नई नर्मदा पाइप लाइन डालने के बाद भी पुरानी लाइन से पानी की सप्लाय जारी है। ऐसे में एक ही क्षेत्र में दो अलग-अलग लाइनों से पानी पहुंच रहा है। निगम अब इन क्षेत्रों का सर्वे कर यह सुनिश्चित करेगा कि नई लाइन पूरी तरह चालू है और उससे जल वितरण में कोई तकनीकी समस्या नहीं है। इसके बाद पुरानी लाइन को डिस्कनेक्ट कर दिया जाएगा। यानी संबंधित क्षेत्र में केवल एक ही लाइन से पानी की सप्लाय होगी।

430 एमएलडी पानी मिल रहा, बचत जरूरी- निगमायुक्त ने अधिकारियों को एक महीने में यह काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि इंदौर को नर्मदा से मिलने वाला पानी सीमित मात्रा में उपलब्ध है। वर्तमान में शहर को प्रतिदिन करीब 430 एमएलडी पानी मिल रहा है। ऐसे में पानी की बचत करना जरूरी है। दोहरी सप्लाय बंद होने से बचने वाले पानी को उन क्षेत्रों में पहुंचाया जा सकेगा, जहां फिलहाल जलसंकट की स्थिति बनी हुई है।

50 से ज्यादा क्षेत्रों में दिन में दो बार सप्लाय- शहर के 50 से अधिक क्षेत्रों में प्रतिदिन दो बार पानी पहुंच रहा है। इसमें एक बार पुरानी और दूसरी बार नई पाइप लाइन से सप्लाय होती है। जोन क्रमांक 7, 8, 9, 10, 18 और 22 के कई क्षेत्रों में यह स्थिति बनी हुई है। निगम का मानना है कि दोहरी जल वितरण व्यवस्था बंद होने से पानी की अनावश्यक खपत रुकेगी और उपलब्ध नर्मदा जल का बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा।

गोल्ड कॉईन सेवा ट्रस्ट हजारों लोगों तक पहुंचा रहा है सेवा कार्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।







गोल्ड कॉईन सेवा ट्रस्ट व्हाट्सएप ग्रुप से सेवा का सफर, 2014 में युवा संजय अग्रवाल ने करीब 70 मित्रों के एक व्हाट्सएप ग्रुप से शुरूआत की जो आज हजारों लोगों की सेवा कार्य यह ट्रस्ट कर रहा है।वृद्धाश्रम, घरों तक भोजन, चिकित्सा उपकरण बैंक, रक्तदान, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण सहित 20 से अधिक सेवा प्रकल्पों के जरिए समाज में बना रहे बदलाव की मिसाल, 11 ट्रस्टी जिम्मेदारी संभाल रहे है। प्रारम्भ में 70 मित्रों ने 'माय गोल्ड कॉईन्स' संगठन के बैनरतले शुभ अवसर पर उत्सव मनाने के बजाय जरूरतमंदों के बीच सेवा कार्य किया। वृद्धा आश्रम, अस्पताल में सेवा कार्य किए। एमवाय में हर माह परपीड़ा संस्था को प्रतिमाह करीब 25 हजार रुपए की दवाइयां उपलब्ध कराई जाती थीं, फिर बुजुर्गो के लिए 2018 में वृद्धा आश्रम की स्थापना की और उसके बाद 2019 में चिकित्सा उपकरण बैंक की शुरुआत की गई। वर्ष 2020 में संस्था को गोल्ड कॉईन सेवा ट्रस्ट के रूप में स्थापित किया गया। वर्तमान में 11 ट्रस्टी अलग-अलग सेवा प्रकल्पों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। संस्था के सभी कार्य ट्रस्टियों के आर्थिक सहयोग और जनसहयोग से संचालित होते हैं। 75 से अधिक बुजुर्गों को मिल रहा घर जैसा माहौल - ट्रस्ट का प्रमुख प्रकल्प वृद्धजनों की देखभाल है। इसके तहत अन्नपूर्णा क्षेत्र के चाणक्यपुरी में दशरथ सेवाश्रम संचालित किया जा रहा है, जहां करीब 50 बुजुर्ग महिला एवं पुरुष निवास कर रहे हैं। इसकी जिम्मेदारी अभय चोपड़ा एवं आशीष सिंघल संभाल रहे हैं। केवल महिलाओं के लिए विशेष रूप से एल आई जी में लक्ष्य स्नेह सेवाश्रम भी संचालित किया जा रहा है, जहां 25 से अधिक महिलाएं रह रही हैं। इस प्रकल्प के प्रभारी अनिल अग्रवाल हैं। अभी संस्था द्वारा संचालित दो आश्रम में 75 से अधिक बुजुर्ग की देखभाल की जा रही है। नैवेद्य टिफिन सेवा 300 से अधिक बुजुर्गों तक घर का भोजन पहुंच रहा है। मधुमेह और रक्तचाप, डायलिसिस और अन्य पीडित बुजुर्गो के लिए भोजन में बदलाव किया जाता है। खाने की जिम्मेदारी सत्यनारायण राठी सम्भाल रहे है। चिकित्सा उपकरण बैंक में 25 हजार उपकरणों से 5 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिला। इन्दौर के अलावा बाहर भी चिकित्सा उपकरण का लाभ दिया जा रहा है। ट्रस्ट की योजना मुंबई में भी इसकी शाखा शुरू करने की है। इस प्रकल्प के प्रभारी संदीप नागर हैं। नियमित डायलिसिस कराने वाले मरीजों को दो पास निशुल्क दिए जाते है। ब्लड काल सेन्टर भी संचालित हो रहा है। रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाते है। सीड बाल एवं सकोरो का वितरण भी किया जाता है। गायों को चारा, जंगल में पशु-पक्षियों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है इसकी जिम्मेदारी अंकुर अग्रवाल के पास है। अंतिम संस्कार पिंडदान और मर्चुरी बाक्स पर भी काम किया जाता है, अस्थियां एकत्रित कर पिंडदान कराया जाता है इसकी जिम्मेदारी नरेंद्र वर्मा और दिनेश कालू सारडा संभाल रहे हैं। 1 लाख कापियों का वितरण और 200 बच्चों की फीस के प्रभारी मनीष बेडिया है। कन्या विवाह में सहयोग नवदम्पत्ति को सामग्री के प्रभारी अनिलसिंह परिहार और सतीश बंसल है। बिजासन मंदिर में प्रसादी वितरण की कालू सारडा और अनिल बाहेती को जिम्मेदारी दी गई है। राशन वितरण के प्रभारी नितिन खंडेलवाल है। शंकर अग्रवाल, संजय अग्रवाल प्लास्टिक, दीपक लवंगणे,ओम सोनगरा, प्रफुल्ल मंत्री भी अलग-अलग काम की जिम्मेदारी निभा रहे है। ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष संजय अग्रवाल का मानना है कि समाजसेवा किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास का परिणाम होती है। इसी सोच के साथ 11 ट्रस्टी और बड़ी संख्या में सहयोगी अलग-अलग प्रकल्पों की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। संस्था का प्रयास है कि जरूरतमंद तक समय पर सहायता पहुंचे और सेवा केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि उसके जीवन में वास्तविक राहत और अपनापन लेकर आए।



दस दिनों से खुदा है गांधी प्रतिमा के समीप गड्ढा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गांधीनगर गांधी प्रतिमा के समीप पीने के पानी की लाइन लीकेज है इस लीकेज को पकड़ने के लिए नगर निगम जल विभाग द्वारा पिछले 10 दिनों से चौराहे के समीप टर्म पर बड़ा गड्ढा खोदा हुआ है हालांकि बेरिकेट लगे हुए हैं फिर भी मार्ग संकरा हो गया है जिसके कारण प्रतिदिन जाम जैसी स्थिति सायं को निर्मित होती है। अधिकारी यहां से गुजरते भी हैं लेकिन फिर भी परिस्थिति सबके सामने है। कई बार निगम मुख्यालय और झोन में शिकायत की गई।

रैपीडो बाइक टैक्सी के खिलाफ संयुक्त अभियान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर ऑटो रिक्शा चालक महासंघ एवं कार टैक्सी कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने बताया है कि रैपीडो बाइक टैक्सी के खिलाफ पिछले कई समय से आंदोलन चलाया जा रहा है अवैध रूप से संचालित बाइक टैक्सी की संख्या इंदौर में 15000 से अधिक हो गई है इनके राइडरों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं है और नाही एग्रीगेटर लाइसेंस है आए दिन आसामाजिक राइडर इंदौर शहर में महिला एवं छात्राओं के साथ लूटपाट, बलात्कार, पर्स और मोबाइल छीनने की गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं। घरेलू दोपहिया वाहनों का उपयोग कमर्शियल में किया जा रहा है एक्सीडेंट की स्थिति में यात्री को दुर्घटना बीमा नहीं मिलता है, दूसरे शहरों एवं राज्यों के बाइक का संचालन भी इंदौर में किया जा रहा है। रैपीडो को परिवहन विभाग की अनुमति न होने के बाद भी इसका संचालन वर्तमान में जारी है। इसे बंद करने के आदेश निर्देशित किए थे परंतु यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की, 2025 में हाई कोर्ट खंडपीठ इंदौर के माध्यम से परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस को निर्देशित किया गया था कि उक्त कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में बैठक यातायात पुलिस मुख्यालय पलासिया पर दोनों कमेटी के पदाधिकारियों की पुलिस अधिकारियों के साथ हुई और समस्या भी बताई।

शाम को भी होने लगा जल्दी अंधेरा

अब रात बड़ी और दिन छोटे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर में कम बरसात हुई है और अब ठंडक का दौर भी शुरू हो गया है। अन्तर इतना है कि देर रात से अलसुबह तक ठंड रहती है और जैसे ही भगवान सूर्यदेव ऊपर की ओर आते हैं गर्मी बढ़ जाती है। दिन का तापमान ज्यादा है। इधर आधा नवम्बर जाने को है अब दिन छोटे और रात बड़ी हो चली है। शाम को भी जल्दी अंधेरा हो जाता है और सुबह भी देर तक अंधेरा रहता है। जैसे-जैसे दिन और बढ़ेंगे, वैसे-वैसे रात और बड़ी होगी और दिन छोटे होते चले जाएंगे और ठंड बढ़ती चली जाएगी।

कांच मंदिर के समीप बेतरतीब पार्किंग लगाती है जाम





कार और ऑटो रिक्शा के जमावड़े से पैदल भी परेशान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के मध्य हुकुमचंद मार्ग स्थित कांच मंदिर के सामने बेतरतीब पार्किंग से रोजाना दिक्कतें खड़ी होती है, कार और ऑटो रिक्शा की अव्यवस्थित पार्किंग और एक खाने की दुकान की बाहर तक बैठक और उनकी पार्किंग से भी परेशानी बनी हुई है, इन सभी की शिकायत भी पुलिस कमिश्नर से लेकर गृह सचिव भोपाल को भी की गई है। बेतरतीब पार्किंग से जाम की स्थिति बनती है, खासतौर से शाम को पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बाहर से लोग कांच मंदिर को देखने पहुंचते हैं वे भी जाम की स्थिति से परेशान होते हैं। कई लोग स्थाई रूप से यहां अपने वाहन पार्क करके कई दिनों तक वाहन नहीं हटाते हैं, सबसे ज्यादा परेशानी ई-रिक्शा और पैसेंजर रिक्शा की नजर आती है। क्लॉथ मार्केट, सीतलामाता बाजार, सांठा बाजार, मारोठिया, नृसिंह बाजार क्षेत्र में खरीदी करने वाले लोग यहां पार्किंग कर देते हैं और लोगों का लगातार आना-जाना रहता है इसलिए रिक्शा भी सवारी के इंतजार में खड़े रहते हैं। इससे जाम की स्थिति बनती है।

खबर के बाद निगम ने किया पेचवर्क

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिंसी हाट मैदान में हर रविवार हाट लगता है। व्यापारी और खरीददार बड़ी संख्या में रविवार को पहुंचते हैं, यहां एक जगह पर पानी भरा रहता था, जिसका समाचार सिटी ब्लास्ट ने प्रकाशित किया था। यहां झोन पर शिविर दो दिन पहले आयोजित हुआ था उस शिविर के एक दिन पहले जहां पानी जमा होता था वहां पेचवर्क कर समतल किया गया।





खबर का असर भी हुआ और यहां व्यापारी और ग्राहक बोले कि अब जाकर गड्ढे के पानी पानी से निजात मिली है। उल्लेखनीय है कि यहां समीप ही पानी के टैंकर भराते हैं और टैंकर से पानी फुल होने के बाद व लीकेज होने के कारण पानी ढुलता रहता था और गड्ढे में पानी भरा रहता था और हाट मैदान में यह पानी उड़ता रहता था। सिटी ब्लास्ट की खबर के बाद यह पेंचवर्क किया गया।

कुशवाह समाज का महाकुंभ-सम्मेलन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अखिल भारतीय कुशवाह महासभा समाज का महाकुंभ युवक युवती परिचय सम्मेलन आज शुभकारज गार्डन में शुरू हुआ। भगवान लवकुश का पूजन और आरती की गई। त्रिलोक कुशवाह ने बताया कि बडी संख्या में युवक-युवती और समाजजन आयोजन में मौजूद है। राजनेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। पूरे देश और कई शहरों से 700 से अधिक प्रविष्टियों में ज्यादातर युवक-युवती और उनके अभिभावक भी मौजूद है। कौशल कुशवाह, हंसराज कुशवाह, सुषमा कुशवाह, टीडी पटेल की मौजूदगी में परिचय पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।



माहेश्वरी संगम के दम्पतियों ने किए छप्पन भोग दर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

माहेश्वरी संगम ग्रुप ने दीपावली मिलन, अन्नकूट महोत्सव, छप्पन भोग दर्शन का आयोजन किया। समाजजनों ने भगवान के श्रृंगारित और छप्पन भोग दर्शन किए। शरद सरला साबू, रमेश शकुंतला चितलांग्या, सुनील राठी, संतोष अनिता साबू, श्याम संतोष भांगड़िया, श्रीमोहन नीता सोमानी, गोपीकृष्ण बृजलता काकाणी, दिनेश मधुबाला लखोटिया, प्रदीप सीमा जाखेटिया, भगवानदास निशा बूब, डॉ. महेश संगीता सोमानी, विष्णु शारदा मान्धन्या, वीरेन्द्र वर्षा झंवर सहित अन्य मौजूद थे।

माहेश्वरी समाज का दीपावली मिलन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

संयोगितागंज माहेश्वरी समाज द्वारा दीपावली मिलन का आयोजन माहेश्वरी भवन नवलखा पर किया गया। भगवान जगन्नाथ की झांकी भी सजाई, छप्पन भोग भी लगाए, महाआरती भी की गई। सुमित तापड़िया, संजय चंडक, सौरभ राठी, सुभाष राठी, अश्विन लखोटिया, केदार हेड़ा, सुरेश हेड़ा, ईश्वर बाहेती, वंदना तापड़िया, अर्चना भूतड़ा, अंजू मूंदड़ा, सोना कोठारी, दीपक भूतड़ा, भरत डागा, जगदीश डागा, रामजस जेथलिया, पंकज काबरा, कैलाश बाहेती, वरुण बाहेती, दीपक माहेश्वरी, अंकित बल्दवा सहित अन्य की भूमिका आयोजन में प्रमुख रही।

सिंधी साहित्य सम्मेलन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दो दिवसीय अंतर प्रांतीय सिंधी साहित्य सम्मेलन का आयोजन का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी ने किया। आयोजन में 7 राज्यों के 138 सिंधी साहित्यकार अंतर प्रांतीय सिंधी सम्मेलन में सहभागिता कर रहे है कल 4 सेशन सत्र आयोजित किए गए।





नदी के नाम एक दीप

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कान्ह-सरस्वती नदी की स्वच्छता, संरक्षण एवं पुनर्जीवन के प्रति जनजागृति लाने और प्रशासन का ध्यान इस महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से अभ्यास मंडल द्वारा कृष्णपुरा छत्री घाट पर एक दीप नदी के नाम जनजागरण आयोजन किया गया। श्याम सुंदर यादव, ओपी जोशी, अशोक जायसवाल, अजीतसिंह नारंग, मुकेश चौहान, मालासिंह ठाकुर, गौतम कोठारी, श्याम पांडे, डॉ. विकास चौधरी, सुनील बेनवंशी, सुनीलकुमार चौधरी, सीमा महंत, अशोक गोलाने, एमपी शर्मा, स्वप्निल व्यास, हरेराम वाजपेयी मौजूद थे।

जैन महिलाओं ने ली शपथ



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री दिगम्बर जैन महासमिति एवं महिला महासमिति के तत्वावधान में कल जाल सभागृह में राष्ट्रीय एवं महिला मध्यांचल का शपथ विधि समारोह आयोजित किया गया। एकजुटता, संगठित और समाजसेवा की शपथ ली गई। मंजू अजमेरा, कांतिलाल बम्ब, आरके जैन, शीलकुमार जैन, अशोक सेठी, हंसमुख गांधी, ज्योति गोधा, डॉ. मणिन्द्र जैन, वैशाली वालेचा, राजीव जैन, धनंजय जैन, प्रमोद जैन, रानी डोसी, सुमन जैन, निर्मला जैन, पुष्पा पाण्डया, अल्पना जैन, संगीता जैन, अंजलि मोदी, इन्दू गांधी, अनिता वड़जात्या, वंदना जैन, सुमिता जैन, ज्योति गोधा एवं पुष्पा काला, राजेश जैन, मयंक जैन, रुचि चौबीसिया, टीके वेद, विमल अजमेरा सहित अन्य मौजूद थे।

सेवा भारती ने किया मिलन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सेवा भारती के दीपावली मिलन में करीब 700 लोग के करीब शामिल हुए। प्रतीक सूर्या, डॉ. पंकज अग्रवाल, डॉ. मोड़, अशोक राठी, अनिता रघुवंशी, रवि भाटिया, नन्दकिशोर नागर, श्री महाजन, स्वप्निल, अंशुल शर्मा, अनिता जैन ने अपनी भूमिका निभाई। गायक सुरेन्द्र शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी।



व्यक्तित्व विकास सेमिनार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री जैन प्राच्यविद्या अनुसंधान संगठन द्वारा व्यक्तित्व विकास सेमिनार का आयोजन किया गया। आशीष जैन सिंघई ने विचार व्यक्त किए। एमके जैन ने बताया कि रेस्टारेंट सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में मनीष नायक, इन्दु जैन, देवेन्द्र सिंघई, आलोक जैन, पंकज जैन, सुशील जैन, सुषमा जैन, मनोज जैन, उल्लास जैन, अर्चना राजवाल, ज्योति जैन, अनुभा जैन, पलक जैन मौजूद थे।

ग्रीनको भ्रमण पर निकले मीडियाकर्मी



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय इंदौर ने ग्रीनको कंपनी नीमच की परियोजना के भ्रमण के लिए मीडियाकर्मियों के लिए व्यवस्था की। आज सुबह नेहरू पार्क स्थित कार्यालय से मीडियाकर्मियों को बस के माध्यम से रवाना किया गया। आज दोपहर में ग्रीनको कंपनी की परियोजना का भ्रमण कराया जाएगा।



उड़ान सेंटर में बाल दिवस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। उड़ान सेंटर में बाल दिवस का आयोजन कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। दुर्गेश मंसूरिया, अजय मंसूरिया, ग्रेसी लुनिया, लाजवंती बामनिया उपस्थित रहे।



विश्व प्रीमैच्योरिटी-डे पर 5 किलोमीटर की वॉक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आयु फाउंडेशन और अंकुरा हॉस्पिटल ने प्रीमैच्योर बेबीज के प्रति जागरूकता के लिए विश्व प्रीमैच्योरिटी-डे पर 5 किलोमीटर की वॉक का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं (प्रीमैच्योर बेबीज) के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उनकी क्षमताओं और संभावनाओं को सामने लाना तथा समय पर विशेषज्ञ नवजात शिशु चिकित्सा और देखभाल के महत्व को दर्शाना था। डॉ. दिव्या गुप्ता, डॉ. परितोष आनन्द, डॉ. जफर खान, डॉ. प्रज्ञा दुबे, डॉ. कृष्ण प्रसाद राव वुन्नम ने अपनी भूमिका निभाई।

स्वर्णकार समाजजन रहे अन्नकूट में मौजूद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाजजन भाया परिवार द्वारा आयोजित अन्नकूट में मौजूद रहे। भगवान श्रीनाथजी के श्रृंगार और छप्पन भोग दर्शन किए गए, महाआरती हुई। कृष्णकुमार वर्मा, गोविंद वर्मा, दिनेश जोशी, सह देवड़ा, प्रवीण सोनी, जीडी सोनी, गोवर्धन सोनी, मुकेश सोनी सहित अन्य मौजूद थे।



विद्यार्थियों ने की शिरकत



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल बाल दिवस के उपलक्ष्य में अक्षर सामाजिक सेवा समिति द्वारा चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने शिरकत की। विवेक सिंह, दीपमाला यादव मौजूद थे।

कलोता समाज ने की सामूहिक विवाह के लिए बैठक



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

क्षत्रिय कलोता समाज सामूहिक विवाह समिति की बैठक 9 मई को होने वाले कालिकाधाम के सामूहिक विवाह समारोह को लेकर आयोजित की गई। विवाह को लेकर कई निर्णय़ लिए गए, जिम्मेदारी भी तय की गई। राधेश्याम पटेल, कल्याणसिंह सिसौदिया, बबलू जाधव, सुनील पटेल, सुरेन्द्र पटेल, प्रहलाद ठाकुर, विष्णु तंवर, मुकेश पटेल, प्रकाश यादव, भगवानसिंह केलवा, श्याम यादव, माखन चंदेल, सुभाष चंदेल, सोहन पटवारी, निर्भयसिंह सोलंकी, मोहन बड़वाया, मोहन सेठ, चेतन सिसौदिया, शेखर गौड, राकेश गौड, राजेश तंवर, करतारसिंह सिसोदिया, उमरावसिंह यादव, निर्भयसिंह सोलंकी सहित अन्य मौजूद थे।

लोकतंत्र में वर्चस्व की राजनीति पर आज मंथन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारतीय लोकतंत्र की विराट परंपरा और संवैधानिक मूल्यों के समक्ष आज सत्ता का बढ़ता वर्चस्व, राजनीति की शुचिता और जन-प्रतिबद्धता जैसे सवाल नई चुनौतियों के रूप में सामने हैं। लोक और तंत्र के बीच बढ़ती दूरी तथा जनमत और जनहित के बीच उभरते अंतर्विरोधों पर सार्थक विमर्श के उद्देश्य से स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश द्वारा आज रविवार को शाम 4.30 बजे अभिनव कला समाज़ सभागार में एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। 'कहाँ जनमत–कितना जनहित'; विनोद अग्निहोत्री, जयशंकर गुप्त और आशुतोष रखेंगे विचार, संजीव श्रीवास्तव सूत्र-संचालन करेंगे।



स्काउट गाइड को मिले पुरस्कार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारत स्काउट गाइड के मेधावियों को पुरस्कार क्षेत्रीय विधयाक राकेश शुक्ला द्वारा दिए गए।

आज शाम अस्त होते सूर्य को देंगे अर्घ्य

कल सुबह उदय होते भगवान की होगी अर्घ्य से उपासना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

छठ महोत्सव का आज तीसरा दिन है। 36 घंटे का निर्जला व्रत भी श्रद्धालुओं ने किया। इंदौर में 150 से अधिक स्थानों पर छठ पूजा के आयोजन किए जा रहे है। कल आयोजन का दूसरा दिन था। महापर्व के तीसरे दिन आज शाम हजारों छठ व्रती अस्तांचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य जलाशयों और अस्थायी छठ घाटों पर कमर तक पानी में खड़े होकर अर्पित करेंगे। भगवान सूर्य और छठ माता की आराधना की जाएगी, प्रसादी भी अर्पण की जाएगी, छठ माता के गीत भी गाए जाएंगे। वहीं कल सोमवार को सुबह उदय होते भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और महोत्सव का समापन भी कल होगा। कल खरना का आयोजन किया गया। 1990 में विजय नगर के एक कच्चे घाट पर 10 परिवारों ने छठ पूजा शुरू की थी। शहर में बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड मूल के हजारों परिवार इस पर्व से जुड़े हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 150 से अधिक स्थानों पर छठ पूजा के आयोजन में शिरकत कर रहे है।

सामूहिक निकाह का आयोजन होगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुस्लिम पिंजारा सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा खजराना के रिवाज गार्डन में सामूहिक निकाह सम्मेलन 7 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। फिजूल खर्च रोकने के लिए यह सामूहिक निकाह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन से वसीम अहमद, नौशाद अली जुड़े हुए है।



जैन समाजजन संत दर्शन के लिए रवाना

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आचार्य वर्धमान सागर म.सा. के दर्शन करने इंदौर से दो बस सीकर (राज.) के लिए रवाना हुई। दिलीप राजपाल, नकुल पाटोदी, महावीर जैन, भरत-ऋतु जैन, नीमेष जैन, हेमंत जैन के अलावा 100 यात्री मौजूद थे।

ज्ञानपंचमी पर ज्ञान आराधना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। केसरी वाटिका बिजासन रोड पर चल रहे विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा., मुनिमंडल एवं साध्वी मंडल सहित कुल 20 ठाणा की निश्रा में चातुर्मास के दौरान कल ज्ञान एवं लाभ पंचमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में ज्ञान आराधना दर्शन वंदन के आयोजन किए गए। संतों के प्रवचन भी मिले। उक्त जानकारी राजेश जैन युवा ने दी।





350 बच्चों ने प्रस्तुतियां दी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बाल दिवस के अवसर पर जनविकास सोसाइटी द्वारा पालदा स्थित संस्था परिसर में 25 अलग-अलग बस्तियों के घरेलू कामकाजी एवं असंगठित मजदूर परिवारों के बच्चों के लिए संचालित स्कूल के 350 बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। बच्चों ने नृत्य, गायन, नाटक की प्रस्तुति दी। सुरेश पंवार, एनी पवार, विजय बिलोनिया, अंजू पटेल, भारती विश्वकर्मा, भगवानदास साहू. अनीता साहू, शिनोज जोसेफ मौजूद थे।

अग्रसेन महासभा का मिलन एवं अन्नकूट होगा

तम्बोला भी होगा, बड़े पुरस्कार भी मिलेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री अग्रसेन महासभा का दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव इस बार म्यूजिकल तम्बोला, भगवान श्रीनाथजी को 56 भोग समर्पण, श्रृंगार दर्शन एवं महाआरती के साथ मंगलवार 17 नवम्बर को शाम 7 बजे से बायपास स्थित संपत पैलेस गार्डन पर मनाया जाएगा। राजेश जिंदल, अनूप सिंघल, प्रमोद बिंदल, अशोक तेलवाला ने बताया कि धार्मिक तम्बोला आयोजन का आकर्षण इसलिए रहेगा कि विजेताओं को हौंडा एक्टिवा, एलईडी टीवी, 100 ग्राम चांदी एवं 2 स्वर्ण सिक्कों सहित अनेक आकर्षक पुरस्कार भी हाथोहाथ दिए जाएँगे। आयोजन से राजेश मित्तल चौधरी, उषा-राजेश बंसल, आशा-प्रमोद बिंदल, अर्चना-राजेश जिंदल, पूजा-अनूप सिंघल,राधा-अशोक अग्रवाल जुड़े हैं। विजेताओं को समाजसेवी राजेश गर्ग केटी, विष्णु बिंदल, विनोद सिंघानिया के सौजन्य से पुरस्कार दिए जाएंगे।

नारनोली अग्रवाल ट्रस्ट का आज शाम अन्नकूट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मल्हारगंज तेली बाखल स्थित श्री नारनोली अग्रवाल पंचायती ट्रस्ट का अन्नकूट महोत्सव एवं मिलन समारोह आज शाम 7 बजे से नारनोली भवन पर आयोजित होगा। 56 भोग, श्रृंगार दर्शन एवं आरती के आयोजन होंगे।



वरिष्ठ नागरिक ग्रुप ने किया मिलन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आनंदवन-2, स्कीम नंबर 140 के वरिष्ठ नागरिकों के ग्रुप द्वारा दीपावली मिलन एवं इस माह जन्मदिन और वर्षगांठ वालों का सम्मान भी किया गया। कृष्णकांत अरोरा, आशा - विनोद खंडेलवाल, प्रिया - प्रवीण भागवत, उमा - महेश शर्मा, अर्चना - श्रीकांत मराठे, आभा - के.के. अरोरा, संगीता - विजय खंडेलवाल, रीना - कैलाश जिंदल, ममता - मुकेश गंगराड़े, कनक - प्रफुल्ल भार्गव, राखी - संदीप भार्गव, तृप्ति - समीर खंडेलवाल, केशव गुप्ता एवं डॉ. जी.एस. विश्वकर्मा, तारकेश्वर सिंह एवं डॉ. सुभाष चंद्र तिवारी मौजूद थे। तम्बोला भी खिलाया गया, गीतों की प्रस्तुति भी दी गई, भोजन का आयोजन भी हुआ।

विवाह पंजीयन में अनियमितता पर विरोध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कलेक्टोरेट अभिभाषक व्यवस्था समिति के अध्यक्ष हरीश पाठक ने बताया कि म.प्र. शासन चाहता है कि अधिकाधिक विवाह पंजीयन किये जाये व विवाह पंजीयन अनिवार्य करने हेतु प्रयास किये जा रहे है इसके विपरित कलेक्टोरेट कार्यालय में आने वाले विवाह पंजीयन करने वाले आवेदको के साथ विवाह एक्ट में दर्शायें हुए दस्तावेजो के अलावा अन्य बेवजह के दस्तावेजों की मांग की जाती है। विवाह पंजीयन कराने वाले आवेदक कलेक्टर कार्यालय में विवाह पंजीयन अधिकारी के समक्ष सीधे उपस्थित ना होते हुए समाधान कक्ष के सामने उपस्थित होने का कार्य किया जाता है। विवाह पंजीयन अधिकारी समय समय पर अपने मन से नए नए प्रावधान लागू कर देते है जबकि विवाह पंजीयन एक्ट में उन प्रावधानो का कोई उल्लेख नही है कलेक्टर को इस सम्बंध में पूर्व में अवगत करवाया गया है कि समाधान कक्ष में विवाह पंजीयन का कार्य देखने वाले कर्मचारी सिनीयर सिटीजन व वर-वधु के आवेदनकर्ता आते है तो उनसे भी ठीक से बात नहीं होती है, लोकसेवा केन्द्र में ग्राम पंचायत में विवाह पंजीयन का कार्य जिस प्रकार किया जाता है मात्र 125/- रु. में विवाह पंजीयन का कार्य सम्पन्न करते है जबकि समाधान केन्द्र में उसी विवाह पंजीयन कार्य के 900/- व फार्म के रू 100/- अलग से लिए जाते है, जो कि गलत है। विवाह पंजीयन का कार्य लोकसेवा में हस्तांतरित किया जाये। समिति अध्यक्ष हरीश पाठक ने उक्त जानकारी आरोप के साथ दी।

D-11167/26

जननायक भगवान बिरसा मुंडा जी
की 151वीं जयंती पर शत शत नमन

जनजातीय गौरव दिवस





₹1353 करोड़ की डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण

15 नवम्बर 2026
पुलिस ग्राउंड डही, जिला धार

मुख्य अतिथि
प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
द्वारा संबोधन (वर्चुअल माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति

मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

अधिकार, अवसर और आत्मनिर्भरता से सशक्त होता जीवन

सामुदायिक उत्थान
- वन अधिकार अधिनियम में 2.89 लाख+ दावे मान्य
- 1.90 लाख+ किसानों को पीएम सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण से सहायता
- धरती आबा अभियान एवं पीएम जन मन में 5 लाख+ आवास तथा 2,221 कि.मी. सड़कें स्वीकृत
- पीएम जन मन में 29,700 से अधिक पीवीटीजी घरों में बिजली एवं 9.20 लाख+ घरों में पहुंचा नल से शुद्ध जल
- 1 हेक्टेयर तक के भूमिधारकों को 5HP तक के पंप पर नि:शुल्क बिजली

शिक्षा और अवसर
- 3 वर्षों में ₹1,820 करोड़ की छात्रवृत्ति वितरित
- आकांक्षा योजना में NEET, JEE, CLAT की कोचिंग
- 1,109 उच्च माध्यमिक, 804 उच्चतर माध्यमिक, 71 एकलव्य एवं 94 सांदीपनि विद्यालय संचालित
- 2,671 छात्रावासों में हर वर्ष 1.40 लाख विद्यार्थियों को आवास सुविधा
- विदेश में स्नातकोत्तर, पीएचडी व रिसर्च के लिए ₹90 लाख तक की छात्रवृत्ति

स्वास्थ्य और सुरक्षा
- 2.42 लाख+ बहनों को प्रतिमाह ₹1500 आहार अनुदान
- 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं 704 आंगनवाड़ी केंद्र संचालित
- 1.33 करोड़ से अधिक लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग

रोज़गार और आत्मनिर्भरता
- भगवान बिरसा मुंडा स्वरोज़गार योजना में ₹50 लाख एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में ₹1 लाख तक ऋण
- वनोपज से उद्यमिता के लिए 126 वन धन विकास केंद्र संचालित



माध्यमवेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026

सीधा प्रसारण pmindiawebcast.nic.in @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

संपादकीय

खुदरा महंगाई दर दो साल के उच्चतम स्तर 6.09% पर पहुंची, खाने-पीने की चीजें ढीली कर रहीं जेब

अक्टूबर 2026 में खुदरा महंगाई बढ़कर 6.09% और खाद्य महंगाई 8.94% हुई, जो RBI के तय दायरे से बाहर है। इससे आम जनता की जेब पर भारी बोझ बढ़ा है। अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़े कई बार आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी की मुश्किलों को कम नहीं कर पाते। जब बाजार में जरूरी वस्तुओं की कीमतों के अनुपात में आम लोगों की आय में बढ़ोतरी नहीं होती, तो स्वाभाविक ही इसका सीधा असर उनके सामान्य उपभोग पर पड़ता है। आम उपभोक्ताओं की घटती क्रयशक्ति बाजार में उपलब्ध वस्तुओं की खपत में भी गिरावट लाती है। पिछले काफी समय से जमीनी हकीकत इसी मुश्किल से दो-चार है। इस बीच खाने-पीने की जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने सबके सामने बहुस्तरीय चुनौतियां खड़ी कर दी है। हैरानी की बात है कि आर्थिक मोर्चे पर सब कुछ दुरुस्त होने के दावों के बीच सरकार ने महंगाई की बढ़ती रफ्तार को शायद अपने भरोसे छोड़ दिया है। गौरतलब है कि अक्तूबर, 2026 में देश की खुदरा महंगाई बढ़ कर 6.09 फीसद पर पहुंच गई। सितंबर में यह आंकड़ा 5.54 फीसद था। पिछले दो वर्षों के दौरान महंगाई का यह सबसे उच्च स्तर है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई दो साल में पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआइ की छह फीसद की ऊपरी सहनशीलता की सीमा से भी आगे निकल गई। आरबीआइ ने महंगाई दर का लक्ष्य चार फीसद तय किया हुआ है, लेकिन इसके लिए दो फीसद की घट-बढ़ की गुंजाइश रखी गई है। यानी महंगाई दर दो से छह फीसद के बीच रहनी चाहिए। मगर इस बार यह सीमा पीछे छूट गई। इससे पहले अक्तूबर 2024 में खुदरा महंगाई 6.25 फीसद पर पहुंच गई थी। खुदरा महंगाई की दर में इजाफे के बीच सबसे चिंताजनक खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों का बेलगाम होना होता है। ताजा आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर सितंबर में 7.74 फीसद से बढ़ कर 8.94 फीसद हो गई। महंगाई की इस रफ्तार के बीच वैसी वस्तुओं की खरीदारी तो टाली जा सकती है, जो अनिवार्य आवश्यकताओं की श्रेणी में नहीं आती, लेकिन जब इसका असर थाली में कटौती के रूप में सामने आने लगे, तो इसके दुश्चक्र का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि मुख्य अनाज के समांतर जब सब्जियों की कीमतें भी बेलगाम होती जाएं, तो गरीब या निम्न आयवर्गीय परिवारों को कितने स्तर पर समझौता करना पड़ता है। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो अर्थव्यवस्था के आंकड़ों का हिसाब विकास की कौन-सी इबारत लिखेगा? महंगाई के आंकड़ों के उच्च स्तर पर पहुंचने का असर दिसंबर में होने वाली अगली मौद्रिक बैठक और आरबीआइ द्वारा रेपो रेट निर्धारित करने पर पड़ना तय माना जा रहा है। अगर ऐसा होता है, तो महंगाई के चौतरफा असर की मार मध्य वर्ग पर भी पड़ सकती है, जिसमें एक बड़े तबके के लिए महीने की किस्त चुकाना एक जरूरी काम होता है। इस बात की संभावना हो सकती है कि त्योहारों की वजह से मांग बढ़ने के अनुपात में चीजों की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई हो।

मोहल्ला मीटिंग से मिली सूचना पर पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ 2 को दबोचा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला मीटिंग में नागरिकों से मिली सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध ब्राउन शुगर की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को रंगे हाथों दबोच लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 9 ग्राम ब्राउन शुगर और तस्करी में प्रयुक्त टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल जब्त कर ली है।

राऊ पुलिस के अनुसार, हाल ही क्षेत्र में आयोजित मोहल्ला मीटिंग के दौरान आमजन ने पुलिस को सूचना दी थी कि नेहरू नगर, राऊ इलाके में दो संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर घूमकर अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की पुड़िया बनाकर सप्लाई कर रहे हैं।



सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना राऊ की पुलिस टीम ने तुरंत नेहरू नगर क्षेत्र में घेराबंदी कर संदिग्धों की तलाश शुरू की। इस दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे दो युवकों को बलपूर्वक घेरकर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम चेतन पिता देवकरण जाटव और सनी पिता बालकृष्ण भालेकर, दोनों निवासी नेहरू नगर, राऊ बताए। पुलिस द्वारा ली गई तलाशी में आरोपियों के कब्जे से 9 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर तथा घटना में उपयोग की जा रही एक टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई। राऊ थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

चाकू लेकर घूम रहे 2 बदमाश धराए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अन्नपूर्णा पुलिस ने इलाके में दो अलग-अलग स्थानों से हथियार लेकर घूम रहे दो बदमाशों को दबोचा है। पुलिस ने बाबू घनश्यामदास नगर से वहीं रहने वाले राहुल पिता सेवकराम को खटकेदार चाकू के साथ पकड़ा।वहीं दशहरा मैदान के पास से अभिषेक उर्फ मोनु दुबे पिता राजेन्द्र दुबे निवासी देवगुराडिया को भी चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस की घेराबंदी देख कार सहित 14 पेटी अवैध शराब छोड़कर भागा तस्कर

वाहन व माल जब्त

इंदौर। हातोद थाना क्षेत्र में पुलिस को आता देख एक तस्कर अपनी मारुति एसप्रेसो कार और उसमें भरी अवैध देशी शराब मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार और शराब जब्त कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

हातोद पुलिस के अनुसार, पुलिस टीम गश्त और चेकिंग के दौरान क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम लोढ़िया पलासिया तिराहा के पास घेराबंदी की। पुलिस को अपनी ओर आता देख एक संदिग्ध मारुति एसप्रेसो कार एमपी-09 डब्ल्यूएच-9481 का चालक हड़बड़ा गया। पुलिस द्वारा पीछा करने और पकड़े जाने के डर से आरोपी अपनी कार और उसमें भरा अवैध शराब का जखीरा मौके पर ही छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस ने जब लावारिस छोड़ी गई कार की तलाशी ली, तो उसके अंदर से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब बरामद हुई।कार से 14 पेटी और 25 क्वार्टर देशी मदिरा जब्त की गई। हातोद थाना पुलिस ने अवैध शराब और परिवहन में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया है। पुलिस ने वाहन नंबर और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपी तस्कर की तलाश तेज कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कार किसकी है और शराब कहाँ खपाने ले जाई जा रही थी।

गांजा तस्कर धराया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। परदेशीपुरा पुलिस ने हुकुमचंद मिल खाली मैदान के पास से आरोपी विशाल उर्फ कान्दा निवासी शिवाजी नगर को 1 किलो 220 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है।आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

सायबर ठगों ने बुजुर्ग के खाते से उड़ाए 8 लाख रुपये

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। किशनगंज थाना इलाके में सायबर अपराधियों ने एक 62 वर्षीय बुजुर्ग को अपना शिकार बनाते हुए उनके बैंक खाते पर बड़ा डाका डाला है। शातिर ठगों ने झांसा देकर बुजुर्ग के खाते से 8 लाख से अधिक की राशि पार कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात सायबर जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किशनगंज पुलिस के अनुसार, ठगी की यह वारदात समर्थ पार्क कॉलोनी उमरिया के रहने वाले शरद पिता रामेश्वर मंडलोई (62) के साथ घटित हुई। पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि बीते 2 नवंबर की रात 9 बजे से 11 बजे के बीच अज्ञात सायबर ठगों ने उनके साथ इस वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम दिया। शातिर बदमाशों ने बेहद ही चालाकी से उनके खाते से कुल 8 लाख 1 हजार रुपये गायब कर दिए। जब बुजुर्ग के मोबाइल पर बैंक खाते से पैसे कटने के मैसेज आए, तब जाकर उन्हें इस बड़ी ठगी का अहसास हुआ। इसके तुरंत बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। किशनगंज पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात सायबर अपराधियों के विरुद्ध धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की सायबर डेस्क टीम अब उस बैंक खाते और ट्रांजैक्शन डिटेल्स की जांच में जुट गई है, जिसमें ठगी की यह रकम ट्रांसफर की गई है, ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

ऑपरेशन मिडनाइट...1400 से अधिक बदमाशों की चेकिंग

722 पर एक्शन और 289 ड्रंक एंड ड्राइव केस दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर में अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मिडनाइट के तहत पुलिस ने एक बार फिर बड़ा प्रहार किया है। शनिवार शाम से लेकर देर रात तक चले इस सघन अभियान में चारों जोन के डीसीपी, वरिष्ठ अधिकारियों और थाना प्रभारियों की टीमों ने शहरभर में सरप्राइज चेकिंग और ड्रोन पेट्रोलिंग कर कुल 1419 बदमाशों को चेक किया, जिनमें से 722 के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों पर शिकंजा कसा। पुलिस ने कुल 294 से अधिक वारंट तामील कराए, जिनमें 92 स्थायी वारंट, 87 गिरफ्तारी वारंट, 115 जमानती वारंट और 111 समंस शामिल हैं। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों, हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी गई और पुलिस ने पैदल मार्च कर संदिग्धों पर पैनी नजर रखी।सदर बाजार पुलिस ने क्षेत्र के 18 बदमाशों और ड्रग पैडलर्स को थाना लाकर नशे से दूर रहने और अपराध नहीं करने की शपथ दिलाई।


शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई- सड़क सुरक्षा और हादसों पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष मुहिम चलाई। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 289 लापरवाह चालकों को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्रवाई की गई। सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब पीने वालों पर 17 प्रकरण और अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने पर 06 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अलावा आबकारी एक्ट के तहत 08 प्रकरण दर्ज कर 159 क्वार्टर देशी शराब और 6 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गई। आदतन और असामाजिक तत्वों के खिलाफ बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 103 प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।पुलिस टीमों ने क्षेत्र के लगभग 697 से ज्यादा कुख्यात अपराधियों को चेक किया, जिनमें 270 गुंडे-बदमाश, 59 नकबजन, 36 लुटेरे, 124 चाकूबाज, 160 निगरानीशुदा बदमाश, 28 जिलाबदर आरोपी और 20 ड्रग्स पैडलर शामिल हैं। कई सक्रिय और आदतन अपराधियों को थाने बुलाकर उनके नए डोजियर भरवाए गए और उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में कोई भी आपराधिक गतिविधि की गई, तो और भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के साथ-साथ पुलिस अधिकारियों ने मैदानी भ्रमण के दौरान आम नागरिकों से जनसंवाद भी किया और उन्हें साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, सड़क नियमों और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।





भगवान बिरसा मुंडा मात्र एक नाम ही नहीं बल्कि एक विचारधारा है-मुख्यमंत्री यादव

जनजातीय गौरव पर विशेष



15 नवंबर का दिन न केवल जनजातीय समाज के लिए, बल्कि समूचे भारत वर्ष के लिए आत्म-स्वाभिमान, अदम्य साहस और देशभक्ति के स्मरण का दिवस है। आज धरती आबा, उलगुलान के प्रणेता भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती है। इस पावन अवसर पर मैं मध्यप्रदेश की समस्त 8 करोड़ जनता की ओर से जनजातीय नायकों के चरणों में नमन करता हूँ।

भगवान बिरसा मुंडा मात्र एक नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने बेहद कम आयु में अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों और शोषणकारी व्यवस्था के खिलाफ जो 'उलगुलान' (क्रांति) छेड़ा, उसने देश की आज़ादी की नींव को मजबूत करने का काम किया। जल, जंगल और जमीन पर जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए उनका संघर्ष आज भी हम सभी को राष्ट्रसेवा और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है।

मध्यप्रदेश जनजातीय संस्कृति और गौरव का केंद्र रहा है, जो देश का सबसे बड़ा जनजातीय आबादी वाला राज्य है। हमारे लिए भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती मनाना केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़ने और जनजातीय भाइयों-बहनों के जीवन को बेहतर बनाने का एक राष्ट्रीय संकल्प है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने की ऐतिहासिक शुरुआत की थी। मध्यप्रदेश को यह सौभाग्य मिला था कि इस ऐतिहासिक निर्णय का साक्षी और ध्वजवाहक हमारा राज्य बना।हमारी सरकार का स्पष्ट मानना है कि जब तक हमारा जनजातीय समाज सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त नहीं होगा, तब तक मध्यप्रदेश के पूर्ण विकास की कल्पना अधूरी है। इसी दिशा में राज्य सरकार लगातार कई ऐतिहासिक कदम उठा रही है।

हमने राज्य में पेसा कानून लागू कर जनजातीय समाज को जल, जंगल और जमीन से जुड़े निर्णयों में आत्मनिर्भर और अधिकार संपन्न बनाया है। अब गाँव की ग्राम सभाओं को ही अपने संसाधन प्रबंधित करने का पूरा अधिकार है।जनजातीय क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की श्रृंखला तैयार की जा रही है। साथ ही सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाकर लाखों जनजातीय भाई-बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाकर उपचारित भी किया गया है। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना और टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना जैसी पहलों के माध्यम से जनजातीय युवाओं को अपने पैर पर खड़े होने के लिए आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

टंट्या भील, भीमा नायक, राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह और रानी दुर्गावती जैसी महान हस्तियों के बलिदान और योगदान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए उनके स्मारकों और संग्रहालयों का निर्माण करसांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण किया है।भगवान बिरसा मुंडा जी ने जिस समृद्ध, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी समाज का सपना देखा था, उसे साकार करना ही हमारी सरकार का परम उद्देश्य है। आइए, इस जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने जनजातीय समाज के गौरव, उनकी सांस्कृतिक विरासत और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

जय हिंद! जय मध्यप्रदेश! जय जोहार!

(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

डंपर ने महिला को कुचला, मौत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बेटमा थाना इलाके में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। सागौर कुटी रोड स्थित अंबेडकर चौराहे पर बेकाबू डंपर चालक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी गंभीर चोट लगने के कारण अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

बेटमा पुलिस के अनुसार यह दर्दनाक हादसा बीती दोपहर क़ो हुआ। फरियादी मंसूर अली पिता नूर अली, निवासी सागौर रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी डंपर एमपी 09 बीजी 5376 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके परिवार की महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



ब्राउन शुगर तस्करी केस में फरार आरोपी गिरफ्तार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। क्राइम ब्रांच द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियानों के तहत एक अहम सफलता हासिल की गई है। पुलिस ने कुछ दिन पूर्व पकड़े गए शातिर तस्कर मोहित उर्फ लल्लू झंवर से जुड़े सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए फरार चल रहे सह-आरोपी रोशन डामोर को धर दबोचा है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से ही मारपीट, आबकारी एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

क्राइम ब्रांच के अनुसार, बीते दिनों टीम ने एमआर-04 रोड भागीरथपुरा स्थित जीवीएस मोटर के पास घेराबंदी कर आरोपी मोहित उर्फ लल्लू को 17 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में जब आरोपी मोहित से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने ड्रग्स सप्लाई के इस पूरे नेटवर्क में रोशन डामोर निवासी एरोड्रम रोड, इंदौर की संलिप्तता का खुलासा किया। घटना के बाद से ही आरोपी रोशन पुलिस से छिपकर फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच की विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मजबूत मुखबिर तंत्र का उपयोग करते हुए फरार आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 का इजाफा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी रोशन डामोर कक्षा 9वीं तक शिक्षित और मजदूरी पेशा है। उसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी काफी संगीन रहा है। उसके खिलाफ एरोड्रम और छत्रीपुरा थानों में अवैध शराब, मारपीट और एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 4 आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं।



एकांगी मार्ग में आने वाले वाहनों पर कार्रवाई



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। यातायात जोन 1 व्हील लॉक पार्टी प्रभारी सूबेदार जागृति बिसेन व उनकी टीम द्वारा वायरलेस चौराहा से कालानी नगर चौराहा व एयरपोर्ट रोड पर भ्रमण किया गया। वहीं बड़ा गणपति से मल्हारगंज पर भी रांग पार्क वाहनों पर व्हील लॉक लगाकर चालानी कार्यवाही की गई। इसी दौरान रांग साइड से आने वाले वाहनों व यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही की गई।

दूसरी शादी वाली महिला ने की शिकायत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चंदननगर थाना क्षेत्र के फिरोज कंडक्टर की शिकायत उसकी दूसरी पत्नी ने अपने मायका क्षेत्र बिहार के पटना क्षेत्र के पुलिस थाना में दर्ज की और कहा कि फिरोज को कुंवारा बताकर मुझसे शादी की गई थी, जबकि पहले से वह शादीशुदा था। इस मामले में सास, ननद, नंदोई और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों की शिकायत भी पुलिस को की गई है। यह भी कहा गया कि दो शादी के बाद तीसरी शादी के भी प्रयास किए गए। बिहार पुलिस ने अब इस मामले में प्रदेश की पुलिस से जानकारी मांगी है।

भारतीय टीम की पारी 209 रनों के स्कोर पर सिमटी कीवी गेंदबाजों का दिखा दमदार प्रदर्शन

माउंट माउंगानुई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच में खेली जा रही 5 मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला माउंट माउंगानुई के बे ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है, जिसमें इस मुकाबले में न्यूजीलैंड टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। भारत की शुरुआत खराब रही और पूरी टीम 42.1 ओवर में 209 रन बनाकर आउट हो गई। अक्षर पटेल और ईशान किशन ने 46-46 रनों का योगदान दिया। कप्तान श्रेयस अय्यर और नमन धीर ने 22-22 रन बनाए। रोहित और विराट एक बार फिर फेल रहे। रोहित 7 और विराट 5 रन बनाकर चलते बने। मो. सिराज 14 रन बनाकर नाबाद रहे तो, अर्शदीप ने भी 14 रन बनाए। जैकब डफी व मिचेल सांतनेर ने 3-3 विकेट लिए।

ट्रैफिक प्रहरी देंगे नियम तोड़ने वालों की पुलिस को जानकारी



आम लोग भी उल्लंघन के फोटो-वीडियो पहुंचा सकते हैं पुलिस तक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर यातायात पुलिस ने साथी एप सिविलियन रिपोर्टस फीचर जारी किया है। अब जनता यातायात प्रहरी बनकर नियम तोड़ने वाले को फोटो-वीडियो और जानकारी सीधे एप के माध्यम से पुलिस को शिकायत के रूप में दे सकते हैं। जिम्मेदार नागरिकों को हर सप्ताह यातायात पुलिस पुरस्कृत करेंगी। पुलिस कमिश्नर ने जनसूचना फीचर का शुभारंभ किया और फोटो भी लोड किया।



सुरीली बिछात गीत संगीत आयोजन होगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था सुरीली बिछात द्वारा 29 नवम्बर की शाम 6 बजे जालसभागृह में उदित नारायण, अलका याग्निक एवं अनुराधा पोरवाल के गीतों की प्रस्तुति का आयोजन संगीत के साथ किया जाएगा। नवतेज सिंह, स्वरांश पाठक, रचना वैद्य, शिवांगी मिश्रा प्रस्तुति देंगे।

वैभव को देखने उमड़ा शहर हजारों क्रिकेट प्रेमी पहुंचे



इंदौर। 14 नवंबर को बाल दिवस था और 15 साल के आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी को देखने के लिए इंदौरी क्रिकेट प्रेमियों का हूजुम उमड़ पड़ा । सुबह से ही दर्शक वैभव को खेलता देखने के उत्सुक थे और उनकी मुराद भी जल्द पूरी हो गई । बिहार की कप्तानी कर रहे वैभव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया । वे स्वंय ओपनिंग के लिए आए, उन्होंने अपना हाथ खोलना ही शुरू किया था कि वे 18 रन बनाकर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठे। उन्होंने इस पारी में एक छक्का और 2 चौके लगाए। अपनी छोटी पारी में भी वे दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रहे । पूरे मैच में सिर्फ वैभव की ही आवाज गूंजती रही।

कई बच्चे उन्हें देखने के लिए पहुंचे

15 साल के वैभव को देखने के लिए उन्हीं की हम उम्र के की बच्चे उन्हे देखने पहुंचे थे। कुछ बच्चे तो उनके लिए पोस्टर भी लेकर आए थे। जिस पर उन्होंने वी लव यू वैभव लिखा हुआ था। कई बच्चे अपने माता-पिता को लेकर पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय मैचों में तो वैभव को देखने के लिए पैसे देने पड़ते है, फिर भी कईयों को टिकट नहीं मिल पाते। लेकिन इस उभरती हुई युवा प्रतिभा को देखने का मौका इंदौरी दर्शकों को मिला तो उन्होंने भी इसका भरपूर फायदा उठाया। टूर्नामेंट में दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा गया था, जिसके चलते सुबह से ही होलकर स्टेडियम के अंदर और बाहर प्रशंसकों की भारी भीड़ व जबरदस्त दीवानगी देखने को मिली। बिहार और सौराष्ट्र के बीच खेले गए एलीट ग्रुप-बी के इस मुकाबले में टॉस के लिए उतरते ही वैभव ने टी-20 क्रिकेट इतिहास का सबसे कम उम्र का कप्तान बनने का कीर्तिमान रच दिया ।

मैच के बाद देखा होलकर स्टेडियम का म्यूजियम

मैच के बाद वैभव ने होलकर स्टेडियम का म्यूजीयम देखा और काफी प्रशंसा भी की। उन्होंने म्यूजीयम में रखी सभी वस्तुओं को काफी गौर से और रखी गई वस्तुओं को का अवलोकन किया । म्यूजीयम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों की बैट, ग्लब्स, कैप, टी-शर्ट, जर्सी सहित कई वस्तुएं रखी गई है । उनसे जब पूछा गया की आप भी यहां कुछ देना चाहते है तो उन्होंने एक बैट इस म्यूजीयम में देने की बात कही। इस अवसर पर एमपीसीए सचिव सुधीर असनानी, बिहार टीम के सिलेक्टर अमिताभ विजयवर्गीय, सीईओ रोहित पंडित, देवाशीष निलोसे, राजू सिंह चौहान, प्रसून कनमड़ीकर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

एलेट स्पोर्ट्स में बेल्ट ग्रेडिंग



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शोतोकान अंतराष्ट्रीय कराते महासंघ एवं कोशिकी मध्यप्रदेश से मान्यता प्राप्त स्पोर्ट्स अकादमी में बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा आयोजित की गई जिसमें करीब 20 बच्चों ने भाग लिया एवं करीब 10 बच्चों ने परीक्षा उतीर्ण की जिसमें विहान गोस्वामी ने येलो बेल्ट, हंसिका पंवार ने ओरेंज बेल्ट, श्रेयांश यशोना, पृथ्वीराज यशोना ने परपल बेल्ट वही गायत्री राठौर ने ब्राउन वन बेल्ट,दिशा राठौर और विवान गोस्वामी ने रेड बेल्ट हासिल किया। उत्तीर्ण खिलाड़ियों को प्राचार्य राजेंद्र पाटिल ने बधाई दी। कोच अमय लश्करी थे।

उज्जैन कार्पोरेशन एंव पश्चिम रेल्वे रतलाम के मध्य फाइनल



इंदौर। स्थानीय नेशनल बास्केटबॉल एकेडमी, इन्दौर के बास्केटबॉल काम्पलेक्स में म.प्र. बास्केटबॉल संघ के तत्वाधान में कार्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल ट्रस्ट, इन्दौर व्दारा आयोजित भूपेन्द्र बण्डी स्मृति सीनियर राज्य बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता (महिला-पुरूष) में सेमीफाइनल मुकाबले खेले गये । पहले सेमीफाइनल में मुकाबले में प्रतियोगिता की सशक्त मानी जा रही आई टी एम ग्वालियर को उज्जैन के हाथों 68 के मुकाबले 72 अंकों से अनपेक्षित हार का सामना करना पडा । मध्यान्तर तक विजेता उज्जैन कार्पोरेशन मात्र 4 अंकों से आगे थी। दूसरे सेमीफाइनल में सितारों सज्जित पश्चिम रेलवे रतलाम की टीम ने एल एन आई पी ई ग्वालियर को एकतरफा मुकाबले में 67 के मुकाबले 100 अंकों से पराजित कर फाइनल खेलने की पात्रता हासिल की । महिला वर्ग के राउन्ड राबिन का अन्तिम मुकाबला के आई टी एम ग्वालियर एंव शेष मध्यप्रदेश के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता में अखिल भारतीय महाराष्ट्रीयन महिला समाज की अध्यक्ष एंव पूर्व राष्ट्रीय खिलाडी स्वाति काशिद ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी। अतिथि का स्वागत अखिल भारतीय बास्केटबॉल महासंघ के महासचिव कुलविन्दर सिंह गिल, मध्यप्रदेश बास्केटबॉल संघ के महासचिव अविनाश आनन्द, कार्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल ट्रस्ट, इन्दौर के चेयरमेन प्रो. एस के बण्डी, सचिव लक्ष्मीकान्त पटेल, ट्रस्टी एंव विक्रम अवार्डी सुनिल हार्डिया,, कुलदीप हार्डिया अजय खेर ने किया एंव प्रतियोगिता के स्मृति चिन्ह भेंट किये।

एशिया कप जीतने वाली भारतीय टीम पर हुई पैसों की बारिश



नई दिल्ली। ओमान में खेले गए एसीसी मेंस अंडर 19 एशिया कप 2026 के सांसें रोक देने वाले फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 1 विकेट से हराकर रिकॉर्ड 9वीं बार खिताब पर कब्जा जमा लिया है। शनिवार को हुए इस ऐतिहासिक महामुकाबले में टीम इंडिया ने मैच की आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की जिसके बाद चैंपियन बनने पर भारतीय युवा टीम को लाखों रुपये की इनामी राशि से नवाजा गया।

एशिया कप जीतने पर कितनी प्राइज मनी मिली- प्राइज मनी के विवरण की बात करें तो अंडर 19 एशिया कप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम को 15000 अमेरिकी डॉलर यानी भारतीय मुद्रा में 14 लाख रुपये से अधिक की इनामी राशि मिली है। वहीं, फाइनल में आखिरी गेंद तक कड़ा संघर्ष करने के बाद उपविजेता रही पाकिस्तान की टीम को 7500 अमेरिकी डॉलर यानी 7 लाख रुपये से अधिक की प्राइज मनी से संतोष करना पड़ा।


पाकिस्तान को हराकर जीती ट्रॉफी- इस खिताबी जंग के रोमांचक हालातों पर नजर डालें तो पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए उस्मान खान (107), अब्दुल कादिर (80) और कप्तान फरहान यूसुफ (63) की शानदार पारियों के दम पर 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 337 रन बनाए थे। भारत की ओर से काव्या पटेल ने 4 और चिगुरुपति वेंकट ने 3 विकेट झटके। इसके जवाब में 338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम के लिए सलामी बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग ने 58 और कप्तान लक्ष्य राजेश रायचंदानी ने 80 रनों की पारी खेली।

आखिरी गेंद पर मारी बाजी- एक समय 9 विकेट गिरने के बाद भारतीय टीम हार की कगार पर खड़ी थी, लेकिन दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे मोहित उल्वा ने मैच का पासा पलट दिया। मोहित ने 26 गेंदों में 5 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 49 रनों की करिश्माई पारी खेली और अंतिम गेंद पर चौका जड़कर भारत को 339/9 के स्कोर तक पहुंचाते हुए ऐतिहासिक जीत और लाखों की इनामी राशि दिलाई।

भारत से हार के बाद पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर का फूटा गुस्सा, बोले- हमारी बेइज्जती हुई, हम जीरो हैं

नई दिल्ली। अंडर-19 एशिया कप 2026 के फाइनल में पाकिस्तान को भारत को हाथों करारी हार मिली। मैच में एक समय पाकिस्तान की जीत तय दिख रही थी। टीम ने पहले खेलते हुए 339 रन बनाए थे। भारतीय टीम ने 42वें ओवर में 252 रनों पर 8 विकेट खो दिए थे। इसके बाद भी आखिरी गेंद पर भारत ने मैदान मार लिया। पाकिस्तान को मिली हार के बाद टीम के पूर्व तेज गेंदबाज तनवीर अहमद ने अपने देश के क्रिकेट सिस्टम पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अब भारत से बेहतर होने का दावा करना बंद कर देना चाहिए।भारत ने शनिवार को फाइनल में पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। इस हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज तनवीर अहमद ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और उसके कामकाज के तरीके की आलोचना की।

अरूष, अरनव, शौर्य क्वालीफाइंग के फाइनल राउण्ड में



इंदौर। मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर टेनिस क्लब द्वारा आयोजित एवं साहिल ग्रुप द्वारा प्रायोजित तृतीय मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय रैंकिग टेनिस टूर्नामेन्ट में आरूष कुलवाल, अरनव खण्डेलवाल एवं शौर्य माखीजा ने अपने अपने वर्ग के मुकाबले जीतकर फाइनल क्वालीफाइंग राउण्ड में पंहुच गए हैं। बालक वर्ग-14 वर्ष आयु के क्वालीफाइंग राउण्ड में आरूष कुलवाल (इंदौर) ने अयान समवतसर (इंदौर) 6-3 से, शौर्य माखीजा (इंदौर) ने भव्या चौधरी (इंदौर) 6-1 से, ईशान दंडीर (खरगोन) ने आरव शिंदे (इंदौर) 6-0 से, हिरदान डागा (इंदौर) ने अनुकल्प यादव (इंदौर) 6-1 से हराया।

वैभव कैप्टन्सी डेब्यू पर रहे फ्लॉप, टीम को मिली करारी हार

इंदौर। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026-27 के पहले ही मैच में बिहार को सौराष्ट्र के हाथों 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। 15 साल के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने हार के साथ कैप्टन्सी करियर की शुरुआत की। वैभव टी20 क्रिकेट इतिहास के सबसे कम उम्र के कप्तान तो बन गए, लेकिन बतौर कप्तान उनकी और उनकी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 137 रन बनाए थे, जिसे सौराष्ट्र की टीम ने बड़ी आसानी से 16.3 ओवर में ही हासिल कर मैच जीत लिया।

बिहार की ओर से बल्लेबाजी करते हुए पृथ्वी राज ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया और 27 गेंदों में 4 छक्के लगाकर 38 रन जोड़े। उनके अलावा अल्तमिश अशरफ ने 20 गेंदों में 3 चौके और 1 छक्के की मदद से 24 रन बनाए। टीम के कप्तान वैभव सूर्यवंशी ने तेज शुरुआत की और 12 गेंदों में 2 चौके व 1 छक्का लगाकर 18 रन बनाए, जबकि आयुष लोहारुका 9 गेंदों पर सिर्फ 9 रन ही बना सके। वैभव को इस मैच में तेज गेंदबाज चेतन साकरिया ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट करवाया। सौराष्ट्र के लिए चेतन साकरिया और प्रेरक मांकड़ ने 3-3 विकेट लिए। रन चेज में सौराष्ट्र के लिए हरवंश पंगालिया ने सबसे तूफानी पारी खेली और महज 11 गेंदों में 3 चौकों व 3 छक्कों की मदद से 33 रन कूट दिए। उनके अलावा हार्विक देसाई ने 18 गेंदों पर 2 चौके और 1 छक्का लगाकर 21 रन बनाए, जबकि सिद्धांत राणा ने भी 18 गेंदों में 1 चौके और 1 छक्के की मदद से 21 रनों का योगदान दिया। वहीं, रुचित अहिर ने 19 गेंदों पर 2 चौके लगाते हुए नाबाद 21 रन बनाए और टीम को जीत तक पहुंचाया।

सनकी युवक की करतूत

युवती का नंबर न मिलने पर एआई से अश्लील फोटो बनाकर बदनाम करने की दी धमकी

रिश्तेदारों को फोन कर फैलाता था आपत्तिजनक बातें, केस दर्ज

इंदौर। खुड़ैल थाना क्षेत्र में एक युवती को लगातार प्रताड़ित करने, उसके संबंध में रिश्तेदारों को अश्लील बातें बताने और एआई तकनीक का इस्तेमाल कर मॉर्फ्ड अश्लील फोटो बनाकर बदनाम करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

खुड़ैल पुलिस के अनुसार, यह प्रकरण 21 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वे पहले परिवार के साथ जूनी इंदौर के सिंधी कॉलोनी इलाके में रहती थीं। वहां घर के पास स्थित भारत गारमेंट्स नाम की कपड़े की दुकान पर वह कभी-कभार कपड़े खरीदने जाती थीं, जहां नवीन शर्मा उर्फ शिवा नाम का युवक काम करता था। करीब 2 साल पहले उनके भाई ने खुड़ैल क्षेत्र में नया मकान बना लिया, जिसके बाद पूरा परिवार यहीं शिफ्ट हो गया।

शिकायत के मुताबिक, करीब डेढ़ महीने पहले आरोपी नवीन उर्फ शिवा ने पीड़िता के जीजा को व्हाट्सएप पर मैसेज कर युवती का मोबाइल नंबर मांगा। कारण पूछने पर उसने कहा कि उसे शादी करनी है। इसके बाद आरोपी ने हदें पार करते हुए पीड़िता की भाभी, बड़ी बहन और अन्य रिश्तेदारों (जीजा, भाभी की बहन आदि) को इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर लगातार परेशान करना शुरू कर दिया। शुरुआत में वह कहता था कि उसे कुछ पैसे लेने हैं, लेकिन बाद में वह रिश्तेदारों से कहने लगा कि वह युवती को पसंद करता है और जो भी उसे उसका नंबर देगा, वह उसे 40-50 हजार रुपये इनाम देगा। आरोपी रिश्तेदारों को फोन कर यह झूठी और अश्लील बातें फैलाने लगा कि युवती उसकी गर्लफ्रेंड है, जो फिलहाल उससे नाराज चल रही है। जब इन हरकतों की जानकारी पीड़िता को मिली, तो वे गहरे मानसिक तनाव और अपमान का शिकार हो गईं।

खुड़ैल थाना पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी नवीन शर्मा निवासी खातीवाला टैंक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

भाई ने समझाया फिर भी नहीं समझा

परेशान होकर जब पीड़िता के भाई विक्की ने आरोपी नवीन को फोन कर लताड़ लगाई और पूछा कि वह ऐसी उल्टी-सीधी बातें क्यों फैला रहा है, तो आरोपी ने गुस्से में आकर खौफनाक धमकी दी। उसने कहा, 'अगर बहन का नंबर नहीं दोगे और बात नहीं कराओगे, तो मैं एआई से उसकी अश्लील फोटो बनाकर उसे इंटरनेट पर वायरल कर बदनाम कर दूंगा। वह सिर्फ मेरी है, मैं उसकी शादी कहीं और नहीं होने दूंगा और अगर तुम लोगों ने उसकी शादी कहीं और की, तो मैं उसे जान से खत्म कर दूंगा।

घर में घुसकर मारपीट, कार में भी की तोड़फोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के जूना रिसाला इलाके में पुरानी रंजिश और विवाद के चलते आरोपियों ने घर में घुसकर तांडव मचाया। बदमाशों ने महिला, उसके पति और पिता के साथ बेरहमी से मारपीट की, घर का सामान व बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

4 आरोपियों पर केस दर्ज

पुलिस के अनुसार, यह वारदात जूना रिसाला स्थित कमेटी हॉल के सामने हुई। फरियादी आफरीन पति शाहरुख खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी अकबर लाला, सुल्तान, मोइन काला और सुभान सभी निवासी जूना रिसाला उनके घर पर आए थे। आरोपियों ने घर में घुसते ही फरियादिया आफरीन खान, उनके पति शाहरुख खान और पिता इरशाद अहमद के साथ गालियां देना शुरू कर दिया। जब इसका विरोध किया गया, तो आरोपियों ने घर में घुसकर उनके साथ लात-घूंसों और डंडों से जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, जाते-जाते आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी उनकी कार में भी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। आरोपियों ने पीड़ितों को जान से मारने की धमकी दी।



साढ़े चार किलो गांजा तस्करी के मामले में फरार सह आरोपी गिरफ्तार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। क्राइम ब्रांच ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व में पकड़े गए तस्कर के नेटवर्क से जुड़े फरार सह आरोपी गोलू उर्फ शुभम निवासी विजयनगर को दबोच लिया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से ही विजयनगर थाने में मारपीट और अड़ीबाजी का आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है। क्राइम ब्रांच के अनुसार, बीते 10 नवंबर को एमआर-04 रोड भंडारी ब्रिज के पास से आरोपी आकाश चिलेगिया को 4.503 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी आकाश ने गांजा तस्करी के इस सिंडिकेट में गोलू उर्फ शुभम की संलिप्तता का खुलासा किया था, जो तभी से फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से दबिश देकर फरार आरोपी गोलू को धर दबोचा।



सूने मकान का ताला तोड़कर चोर नकदी, 2 लैपटॉप और स्कूटी ले उड़े

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक सूने घर को निशाना बनाकर चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात बदमाश घर के मुख्य दरवाजे और अलमारी का ताला तोड़कर अंदर रखी नकदी, दो लैपटॉप और बाहर खड़ी स्कूटी चुराकर ले गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना स्पेशल गांधी नगर की है। जहां रहने वाले फरियादी प्रहलाद पिता गंगाराम चौहान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात चोरों ने उनके सूने घर का फायदा उठाया। बदमाशों ने घर के मुख्य गेट का ताला तोड़ा और घर के अंदर घुसकर अलमारी का ताला भी तोड़ डाला। अलमारी से अज्ञात बदमाश नकदी रुपए और दो लैपटॉप चुरा ले गए। इसके साथ ही आरोपी घर के बाहर खड़ी एक एक्सेस 125 स्कूटी एमपी- -09 एके-5642 भी अपने साथ चोरी कर ले गए। जब फरियादी वापस घर लौटे और ताले टूटे हुए व सामान गायब देखा, तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत गांधी नगर थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। गांधीनगर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ घर में चोरी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि स्कूटी लेकर भागे और चोरी करने वाले अज्ञात बदमाशों का सुराग लगाया जा सके।

जमीन की रजिस्ट्री और खेत की केबल जलाने को लेकर खूनी संघर्ष

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देपालपुर थाना क्षेत्र में जमीन की रजिस्ट्री कराने के विवाद और खेत में मोटर की केबल जलाने की रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हो गया। डंडों और लात-घूंसों से हुई इस मारपीट में एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

महिला समेत 2 घायल, दोनों पक्षों पर क्रॉस केस दर्ज

देपालपुर पुलिस के अनुसार, यह घटना क्षेत्र के ग्राम अरनिया की है। एक पक्ष से फरियादी सरजूबाई पति भगवानसिंह सिसोदिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी लखन पिता राधेश्याम सिसोदिया, राकेश पिता रामप्रसाद चौधरी, राहुल पिता इंदर राजपूत और प्रवीण पिता रतन चौधरी के खिलाफ केस दर्ज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री करवाने की बात को लेकर सरजूबाई के साथ गाली-गलौज की और डंडों तथा थप्पड़-मुक्कों से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष से फरियादी लखन सिसोदिया की रिपोर्ट पर आरोपी अर्जुन पिता भगवानसिंह सिसोदिया, कान्हा पिता भगवानसिंह और भगवानसिंह पिता करण सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। लखन का आरोप था कि जब वह अपने खेत पर गया, तो उसे मोटर की केबल जली हुई मिली। जब उसने आरोपियों से इसका कारण पूछा, तो उन्होंने विवाद करते हुए उसके साथ डंडों व लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

दूसरी पत्नी को घर लाने की जिद, पहली को सताया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शादी के बाद से ही बदल लिया मन, विरोध करने पर मारपीट

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी पति शादी के बाद से ही पत्नी को मानसिक रूप से परेशान कर रहा था और दूसरी को घर लाने की जिद पर अड़ा था। जब पत्नी ने तलाक देने से इनकार किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई फरियादी मनाली जगधने निवासी सूर्यदेव नगर की शिकायत पर की गई है। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका विवाह गौरव जगधने के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद से ही पति गौरव द्वारा उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।आरोपी गौरव किसी अन्य लड़की को अपने साथ रखना चाहता है और इसी बात को लेकर वह मनाली पर तलाक देने का दबाव बनाने लगा। जब पीड़िता मनाली ने उसे तलाक देने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी आग बबूला हो गया। उसने गुस्से में आकर पीड़िता के साथ जमकर मारपीट की और जान से खत्म करने की धमकी दी।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ा द्वारा मूंगड़ा पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com